हिन्दी दैनिक

# सप्ताह का सफर

R.N.I.N0.UPHIN/2012/50292

saptahkasafarhindidainik //.com saptahkasafar02@gmail.com https://twitter.com/SaptahNews=08

वर्ष : 10 अंक: 316 जालौन शनिवार 02 सितम्बर 2023 मूल्य- एक रूपया पृष्ठ - 6



# मास्टर स्ट्रोक की तैयारी में मोदी सरकार



अगर केंद्रीय मंत्री प्राद जोशी के पोस्ट को देखें तो उन्होंने जो तस्वीर साझा की है। उससे एक इशारा अवश्य मिल रहा है। इस तस्वीर में संसद भवन की नई और पुरानी इमारते दिखाई दे रही है। इससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि संसद का विशेष सत्र नई बिल्डिंग में हो सकता है।

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से 22 सितंबर के बीच बुलाया है। इस बात की जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्राद जोशी ने 17वीं लोकसभा का यह 13वां सत्र होगा जबकि राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। सबसे खास बात यह है कि यह सत्र राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों के बाद आयोजित होने जा रहा है। विशेष सत्र को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्ष जबरदस्त तरीके से केंद्र की सरकार पर निशाना साधा रहा है।

**तस्वीरों से संकेत**

अगर केंद्रीय मंत्री प्राद जोशी के पोस्ट को देखें तो उन्होंने जो तस्वीर साझा की है। उससे एक इशारा अवश्य मिल रहा है। इस तस्वीर में संसद भवन की नई और पुरानी इमारते दिखाई दे रही है। इससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि संसद का विशेष सत्र नई बिल्डिंग में हो सकता है। मई में ही संसद के नई बिल्डिंग का उद्घाटन हुआ था। हालांकि, मानसून सत्र उसमें नहीं हो सका। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि शुभ मुहूर्त देखकर ही यह विशेष सत्र बुलाया गया होगा। यह वह वक्त होगा जब पूरे देश में गणेश चतुर्दशी का वक्त रहेगा।

**तेज हुई राजनीतिक हलचल**

विशेष संसद सत्र को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जब मणिपुर जल रहा था, कोरोना चरम पर था, नोटबंदी से लोग परेशान थे, तब सरकार की ओर से स्पेशल सत्र नहीं बुलाया गया। लेकिन अब बिना किसी के चर्चा के स्पेशल सत्र बुला लिया गया। सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि संसदीय व्यवस्था की सारी मान्यताओं को यह सरकार तोड़ रही है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) संजय राउत ने कहा कि मुझे लगता है कि ये एक चुनाव आगे करने के लिए एक साजिश है, ये लोग चुनाव नहीं कराना चाहते...ये लोग क्ठउक्रअ से डर गए हैं, इनके मन में डर है इसलिए नया-नया फंडा लेकर आते हैं। उढक सांसद बिनॉय विश्वम ने कहा, "...संसद का सत्र चर्चा के लिए होना चाहिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं। ये पांच दिन का बिजनेस नाकाफी है। अअढ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, "केंद्र सरकार किसी से राय-मशवरा नहीं लेती, किसी राजनीतिक दल से बात नहीं करती...केंद्र सरकार इस तरह लोकतंत्र का गला घोंट रही है।" शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह से प्राद जोशी ने चोरी-चोरी, चुपके-चुपके यह निर्णय लेकर ट्वीट किया है- मेरा सवाल है कि देश का एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार गणेश चतुर्थी (उस समय मनाया जाएगा)...तो हम जानना चाहते हैं कि यह हिंदू विरोधी काम क्यों हो रहा है? यह फैसला किस आधार पर लिया गया है?...क्या यही उनकी 'हिन्दुत्ववादी' मानसिकता है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा किसंसद के विशेष सत्र को लेकर हमें कोई जानकारी नहीं मिली। हमें ट्वीट के माध्यम से सत्र के बारे में पता चला, हमें किसी भी तरह का नोटिस, पत्र या फोन करके इसकी जानकारी नहीं दी गई।

**सरकार का पक्ष**

संसदीय कार्य मंत्री प्राद जोशी ने कहा कि अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। घबराने की बात क्या है?...बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा। जोशी ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया का मजाक उड़ाते हुए उसकी तुलना यात्रा कर रहे बिना दर्शक वाले टॉकीज से की। विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए जोशी ने कहा कि यह भ्रम और विरोधाभासों का पुलिंदा है।

### एक देश एक चुनाव पर चर्चा

जैसे ही विशेष संसद सत्र बुलाने की बात हुई, उसके साथ ही एक देश, एक चुनाव के चर्चा तेज हो गई। दावा किया जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में एक देश, एक चुनाव पर सरकार बिल ला सकते हैं। कई बार प्रधानमंत्री ने इसकी वकालत की है। आज इसको लेकर एक पैनल भी बना दिया गया। इस पैनल का नेतृत्व देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। इसके अलावा इस संसद सत्र में माना जा रहा है कि आने वाले चुनाव को देखते हुए सरकार कुछ और बिल पेश कर सकती है। इसमें यूसीसी और महिला आरक्षण बिल भी शामिल है।

# राहुल गांधी ने फिर कहा, चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा किया, झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री



**कांग्रेस नेता ने आगे दावा किया कि लद्दाख का हर एक व्यक्ति जानता है कि भारत के लोगों और लद्दाख के लोगों को भारत सरकार ने धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और चीनियों के बीच स्पष्ट रूप से समझौता हो गया है।**

**एजेंसी**

नई दिल्ली। मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से लद्दाख को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के जमीन पर कब्जा किया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसको लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मैंने लद्दाख में एक सप्ताह बिताया। मैं पैंगोंग झील के ठीक सामने गया जहां चीनी हैं। मेरी विस्तृत चर्चा हुई, संभवतः यह सबसे विस्तृत चर्चा है जो लद्दाख के बाहर किसी भी राजनेता ने लद्दाख के लोगों के साथ की है। उन्होंने मुझे स्पष्ट रूप से बताया कि चीनियों ने भारतीय जमीन ले ली है। उन्होंने मुझे स्पष्ट रूप से बताया कि पीएम इस तथ्य के बारे में झूठ बोल रहे हैं कि चीनियों ने भारतीय जमीन नहीं ली है। कांग्रेस नेता ने आगे दावा किया कि लद्दाख का हर एक व्यक्ति जानता है कि भारत के लोगों और लद्दाख के लोगों को भारत सरकार ने धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और चीनियों के बीच स्पष्ट रूप से समझौता हो गया है। सरहदों पर साफ तौर पर बदलाव दिख रहा है। हमारे चरवाहों ने खुद हमें बताया कि उन्हें उन क्षेत्रों में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है जहां उन्हें अनुमति दी गई थी...लद्दाख में जो हुआ वह बेहद शर्मनाक है। वहीं, विपक्षी बैठक पर राहुल ने कहा कि आज दो बहुत बड़े कदम उठाए गए। अगर इस मंच पर पार्टियां एकजुट हो गईं तो बीजेपी के लिए चुनाव जीतना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कार्य सबसे कुशल तरीके से एक साथ आने का है। एक समन्वय समिति का गठन और सीट-बंटवारे पर चर्चा में तेजी लाने का निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दो कदम हैं कि भारतीय गठबंधन भाजपा को हरा दे...प्रधानमंत्री और एक व्यवसायी के बीच सांठगांठ हर व्यक्ति के सामने है...मुझे विश्वास है कि इंडिया गठबंधन बीजेपी को हराएगा। इस गठबंधन में असली काम इस गठबंधन के नेताओं के बीच बनने वाले रिश्ते हैं। पिछली दो बैठकों ने तालमेल बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत बड़ा काम किया है कि हम सभी एक होकर काम करें।

# यूपी बनेगा सबसे बड़ा ग्रीन हाइड्रोजन निर्माता: योगी

**ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश**



**संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यूपीनेडा के अधिकारियों के साथ यूपी ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को नई ग्रीन हाइड्रोजन नीति के ड्राफ्ट में संशोधन करते हुए एक प्रभावी ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टेक होल्डर से भी परामर्श लेने के निर्देश दिए ताकि नीति के तहत निवेशकों और उपयोगकताओं को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन एक स्वच्छ ऊर्जा एवं औद्योगिक ईंधन होने के कारण नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। ऐसे में ग्रीन हाइड्रोजन नीति को लेकर विभाग केंद्र सरकार की नीति का गहन अध्यन कर एक प्रभावी नीति तैयार करे। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण में पानी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उत्तर प्रदेश में नदियों की भरमार है। हम इसका फायदा उठा कर देश के सबसे बड़े ग्रीन हाइड्रोजन निमार्ता बन सकते हैं। इसके लिए उन्होंने विभाग को सिंचाई विभाग से समन्वय बनाकर प्रदेश की छोटी बड़ी नदियों के पास रिजर्व वॉटर बनाकर बरसात के पानी का उपयोग ग्रीन हाइड्रोजन बनाने के लिए करने को निर्देशित किया। साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी पर काम करने वाली फर्मों को ज्यादा से ज्यादा इंसेंटिव देकर प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2023 के दौरान ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में इकाइयां स्थापित करने के लिए यूपी को 20 कंपनियों से 2.73 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे 60,000 से अधिक लोगों के लिए नौकरी के अवसर पैदा होंगे। प्रदेश सरकार जीआईएस-2023 में हुए सभी एमओयू को ईमानदारी से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में हमें अपनी जवाबदेही तय करने के लिये जल्द से जल्द ग्रीन हाइड्रोजन नीति लागू करनी है। योगी ने अधिकारियों से कहा कि वह ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए रिफॉर्म के लिये तैयार रहें। इसके लिए प्रदेश में हर स्तर पर निवेशकों के लिये हर द्वार खोलने होंगे।

# एनसीईआरटी को दिया जाएगा डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया ऐलान



**स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन के रूप में, एनसीईआरटी कई प्रकार की गतिविधियाँ और पहल करता है। इनमें शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार, पाठ्यक्रम विकास, और शैक्षिक सामग्री और शिक्षण-सीखने के संसाधनों का निर्माण शामिल है।**

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। मंत्री ने एनसीईआरटी के 63वें स्थापना दिवस पर अपने संबोधन के दौरान यह घोषणा की। स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन के रूप में, एनसीईआरटी कई प्रकार की गतिविधियाँ और पहल करता है। इनमें शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार, पाठ्यक्रम विकास, और शैक्षिक सामग्री और शिक्षण-सीखने के संसाधनों का निर्माण शामिल है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। इसकी स्थापना 1961 में हुई थी और यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम द्वारा शासित एक साहित्यिक, वैज्ञानिक और धर्मार्थ सोसायटी के रूप में संचालित होती है। एनसीईआरटी का मुख्यालय नई दिल्ली में श्री अरबिंदो मार्ग पर स्थित है, और डॉ. दिनेश प्रसाद सकलानी 2022 से इसके निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। 2023 में, एनसीईआरटी ने 19 सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें लेखक और इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति और गायक शंकर महादेवन जैसे व्यक्ति शामिल थे। इस समिति की स्थापना कक्षा 3 से 12 तक के पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और शिक्षण सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए की गई थी।

## फास्ट न्यूज़

### श्रेया एंटरटेनमेंट की फिल्में समाज का आईना होंगी: हेमन्त राय

लखनऊ (संवाददाता)। श्रेया एंटरटेनमेंट प्रा.लि. के बैनर तले बने श्रेया फैमिली एंथम सॉन्ग को आज रायल कैफे में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य व भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि समाज सेवी मुरलीधर आहुजा ने रिलीज किया। इस अवसर पर श्रेया एंटरटेनमेंट चेयरमैन और गीत के निमार्ता हेमन्त कुमार राय ने बताया कि यह एक प्रेरणादायक गीत है। उन्होंने बताया की श्रेया, मेरी बेटी का नाम है और उन्हीं के नाम पर मेरी सभी कंपनियों के नाम रखे गए हैं। हमने सबसे पहले श्रेया एंटरटेनमेंट के बैनर तले एंथम सॉन्ग बनाया है, अभी इसका ऑडियो जारी किया है।

### हेमन्त राव बने राजस्व परिषद के चेयरमैन

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश शासन ने 1987 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी हेमंत राव को राजस्व परिषद का चेयरमैन बनाया है। संजीव मित्तल के सेवानिवृत्त होने के बाद हेमंत राव राजस्व परिषद अध्यक्ष के अध्यक्ष बनाये गए हैं। वही दो प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारियों को भी पोस्टिंग मिली। आईएएस अधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन विभाग बनाये गये है तो नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर तैनात किया गया है।

### अब यूपी 68 जिलों में डीएम सुपर बॉस

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में फिर पुरानी कानून व्यवस्था लागू हो गई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की गई। निर्णय लिया गया है कि डीएम ही कानून व्यवस्था की बैठक लेंगे। इसको लेकर 75 जिलों में आदेश जारी कर दिया गया है। नए आदेश के मुताबिक इन जिलों डीएम ही सुपर बॉस होंगे। उनके अनुमति के बिना कानून व्यवस्था को लेकर कोई फैसला पुलिस कप्तान नहीं कर पाएंगे। आदेश के बाद पुलिस कप्तानों को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश के 68 जिलों में डीएम को कानून व्यवस्था की बैठक लेने का अधिकार होगा,शेष 7 जिलों में पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इनमें कानपुर, लखनऊ, नोएडा, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा और गाजियाबाद शामिल है।

### वन नेशन वन इलेक्शन पर छिड़ी जुबानी जंग

लखनऊ (संवाददाता)। एक तरफ एनडीए का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की मुंबई में बैठक हो रही है, दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने श्वन नेशन, वन इलेक्शनश को लेकर सियासी माहौल गरमा दिया है। अब पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। केंद्र सरकार ने संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर चर्चा हो सकती है ।केंद्र ने इसके लिए एक कमेटी का भी गठन कर दिया है जिसके अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्र सरकार के इस कदम की तारीफ की है और इसे देश हित में उठाया गया शानदार कदम बताया है।

# अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों को माता-पिता की संपत्ति मिलेगी: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार



को फैसला सुनाया कि शून्य या अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चे अपने माता-पिता की संपत्ति में हिस्सा पाने के हकदार हैं। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि यह फैसला केवल हिंदू मिताक्षरा कानून द्वारा शासित हिंदू संयुक्त परिवार की संपत्तियों पर लागू है। यह फैसला भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने रेवनासिद्दप्पा बनाम मल्लिकार्जुन (2011) मामले में दो-न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के संदर्भ में दिया था, जिसमें कहा गया था कि शून्य/अस्थिर विवाह से पैदा हुए बच्चे अपने माता-पिता की संपत्ति चाहे स्व-अर्जित हो या पैतृक को प्राप्त करने के लिए हकदार हैं। हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 16(3) की व्याख्या के अनुसार अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों को वैधता प्रदान की जाती है। लेकिन धारा 16(3) कहती है कि ऐसे बच्चों को केवल अपने माता-पिता की संपत्ति विरासत में मिलेगी और अन्य सहदायिक शेयरों पर उनका कोई अधिकार नहीं होगा। पीठ ने बताया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 6 के अनुसार, हिंदू मिताक्षरा संपत्ति में सहदायिकों के हित को उस संपत्ति के हिस्से के रूप में परिभाषित किया गया है जो उन्हें आवंटित किया गया होता यदि संपत्ति का विभाजन ठीक पहले हुआ होता।

# मोदी सरकार सबसे भ्रष्ट और अहंकारी: केजरीवाल

**एजेंसी**

नई दिल्ली। मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा पर बिना नाम लिए जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम सब एक हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो केंद्र में है वे अब जाने वाले हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम लोग अब आगे बढ़ रहे हैं, लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने समय से पहले चुनाव होने की भविष्यवाणी कर दी। उन्होंने कहा कि कोई ठिकाना नहीं है, समय से पहले भी चुनाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज ही तय कर लिया गया है कि हम अभी से तेजी से काम शुरू कर देंगे। कोई ठिकाना नहीं है चुनाव समय से पहले भी हो सकता है इसलिए हम लोगों को भी अलर्ट रहना पड़ेगा। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तय हुआ है कि अब नियमित रूप से जगह-जगह जाकर हम अपना प्रचार-प्रसार का काम करेंगे। अब सभी पार्टियां एकजुट होकर काम कर रही हैं, जिसका नतीजा होगा कि जो केंद्र में हैं, वे अब हारेंगे। मीडिया से उन्होंने कहा कि निश्चिंत रहें...आप



(मीडिया) अभी बंदी हैं। एक बार जब आप उनसे मुक्त हो जाएंगे, तो आप - प्रेस - मुक्त हो जाएंगे और आप वही लिखेंगे और बोलेंगे जो आपको सही लगता है। यह बहुत महत्वपूर्ण है...वे देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं। हम सब मिलकर उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ कुछ 28 पार्टियों का गठबंधन नहीं है, बल्कि 140 करोड़ लोगों का गठबंधन है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार स्वतंत्र भारत के इतिहास की सबसे भ्रष्ट और अहंकारी सरकार है। हम अंतरराष्ट्रीय अखबारों में पढ़ रहे हैं कि भारत सरकार सिर्फ एक व्यक्ति के लिए काम कर रही है जो देश से पैसा बाहर ले जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि ये लोग खुद को भगवान से भी ऊपर समझने लगे हैं। कुछ बड़ी ताकतें भारत गठबंधन को तोड़ने की कोशिश करेंगी। आज यहां कोई पद पाने नहीं बल्कि भारत को विकास के पथ पर ले जाने आया है। मुझे यकीन है कि भारत एक साथ आएगा जो इस सरकार के अंत का कारण बनेगा। वहीं, शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने 14 सदस्यीय समन्वय समिति (कॉर्डिनेशन कमेटी) के नामों की घोषणा की - के.सी. वेणुगोपाल (कांग्रेस), शरद पवार (एनसीपी), टीआर बालू (डीएमके), हेमंत सोरेन (जेएमएम), संजय राउत (शिवसेना-उद्धव गुट) , तेजस्वी यादव (राजद), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), राघव चड्ढा (AAP), जावेद अली खान (सपा), ललन सिंह (जेडीयू), डी राजा (CPI), उमर अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस), महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), CPI (M) से एक और सदस्य की भी घोषणा की जाएगी।

### पुराने अंदाज में नजर आए लालू यादव

# प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें सूर्यलोक तक ले जाएं



**एजेंसी**

नई दिल्ली। मुंबई में इंडिया गठबंधन की दो दिवसीय बैठक समाप्त हुई और पार्टी नेताओं ने प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष किया और कहा कि उन्हें पीछे नहीं रहना चाहिए और इसरो वैज्ञानिकों से कहा उन्हें सूर्य के पास भेजो। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के लिए हमारे वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने देश के लिए नाम कमाया है। मैंने लोगों को यह कहते हुए सुना कि देश इस मिशन को लेकर आगे बढ़ चुका है। इसलिए मैं इसरो के वैज्ञानिकों से अपील करता हूं कि मोदी जी को पीछे नहीं रहना चाहिए और आप (वैज्ञानिकों) उन्हें चंद्रमा पर नहीं, बल्कि सूर्य पर भेजें। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी पर और कटाक्ष करते हुए राजद प्रमुख ने कहा कि आपको याद करना चाहिए कि कैसे वे (भाजपा-एनडीए) झूठ बोलकर और अफवाह फैलाकर सत्ता में आए। उन्होंने मेरा नाम और कई अन्य नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि हमारा स्विस बैंकों में पैसा है। पीएम मोदी ने कहा कि वह सत्ता में आएंगे, स्विस बैंकों से पैसा वापस लाएंगे और उस पैसे को देश की जनता के खातों में जमा कराएंगे।

# चांडी की बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अधिकारी को हटाया जाए: कांग्रेस

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केरल में विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य की वाम मोर्चा सरकार से अचु



ओमन को कथित तौर पर साइबर धमकी देने वाले सचिवालय के एक पूर्व कर्मचारी के खिलाफ शुक्रवार को आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की मांग की। अचु ओमन केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी की बेटी हैं। आगामी पुथुपल्ली उपचुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की इस मांग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से सचिवालय के पूर्व कर्मचारी की मानव संसाधन विकास संस्थान (आईएचआरडी) में पुनर्नियुक्ति रद्द करने और उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का आग्रह किया। आईएचआरडी केरल सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान है।

# विकसित होते लोकतंत्र के साथ आने वाले नए मुद्दों पर चर्चा की जानी चाहिए : प्रह्लाद जोशी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एक सितंबर एक राष्ट्र एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए एक समिति के गठन के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि विकसित होते लोकतंत्र के साथ आने वाले नए मुद्दों पर चर्चा की जानी चाहिए। जोशी ने कहा कि समिति एक रिपोर्ट लेकर आएगी और इस पर सार्वजनिक डोमेन और संसद में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन में निकले अमृत की तरह इस मुद्दे पर भी मंथन में अमृत ही निकलेगा। उन्होंने यह भी सवाल किया कि विपक्षी दल इस पर चिंतित क्यों हैं। मंत्री ने कहा कि कमेटी तो अभी बनी है, इतना चिंतित होने की जरूरत कहां है। कमेटी की रिपोर्ट आएगी, रिपोर्ट पर पब्लिक डोमेन और संसद में चर्चा होगी। इसमें इतना चिंतित होने की क्या आवश्यकता है। जोशी ने जयपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसे लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और विकसित होते लोकतंत्र में जो नये विषय आते हैं, उन पर चर्चा होनी चाहिए। हमने यह नहीं कहा है कि कल से ही कुछ होगा। उन्होंने कहा कि पहले लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे, जिससे देश में विकास का अच्छा माहौल था। मंत्री ने कहा कि जब केंद्र में कोई सरकार बनती है तो अलग-अलग जगहों पर चुनाव होते हैं जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में दिक्कत आती है। उन्होंने कहा, अगर कोई विचार है तो चर्चा जरूर होनी चाहिए। राजस्थान में भाजपा के चुनाव प्रभारी जोशी परिवर्तन यात्रा की



शुरूआत के लिए आज जयपुर पहुंचे। चार परिवर्तन यात्राओं में से पहली यात्रा का आगाज पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को सवाई माधोपुर से करेंगे। पार्टी कार्यालय में जोशी ने एक बार फिर एक देश एक चुनाव के बारे में बात की जिसका लक्ष्य आम और राज्य चुनाव एक साथ कराना है। उन्होंने कहा कि जैसे समुद्र मंथन में अमृत निकला था, वैसा ही अमृत एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर मंथन में भी निकलेगा।

# जुर्म की दुनिया में बढ़ी नाबालिगों की संख्या

**एजेंसी**

नई दिल्ली। जब से भजनपुरा हत्या कांड सामने आया है तभी से माया का जिक्र लगातार हो रहा है। इस भजनपुरा हत्याकांड के मुख्य आरोपी समीर उर्फ माया को देखकर साफ है कि वो बॉलीवुड फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला में विवेक ऑबरॉय के किरदार से मूल काफी हदतक प्रभावित था। जानकारी के मुताबिक माया की कहानी बिलकुल फिल्मी है। उसके माता पिता की मौत तभी हो गई थी जब वह 15 वर्ष की उम्र से भी कम का था। इसी बीच जुर्म की खौफनाक दुनिया से उसका वास्ता हुआ। इस दलदल से निकलना उसके लिए मुश्किल हो गया। देखते ही देखते झपटमारी, लूट, हत्या, कातिलाना हमला, ये सब उसके लिए बाएं हाथ के खेल हो गए। उसके खिलाफ इन सभी मामलों में 10 से अधिक मामले दर्ज है। वहीं नाबालिग होने के कारण वो पकड़ा जाता तो भी जल्दी ही बाल सुधार गृह से बाहर निकल जाता, जिससे उसके हौंसले लगातार मजबूत होते गए और वो जुर्म की दुनिया में घुसता चला गया। नाबालिग होने के बाद भी कई बड़े गैंगस्टर्स को उसने अपना आदर्श माना और उनकी ही राह पर चल पड़ा।

# मुंबई में बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस में लगी आग

**एजेंसी**

नई दिल्ली। मुंबई के मालवणी उपनगर में शुक्रवार तड़के सरकारी उपक्रम बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन (बेस्ट) की एक इलेक्ट्रिक बस में बैटरी चार्जिंग के दौरान आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना तड़के करीब पांच बजे घटी और 15 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। इसमें कोई घायल नहीं हुआ। यह एक मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक बस थी जो अन्य बसों के साथ चार्जिंग केंद्र पर चार्ज हो रही थी। उपक्रम के सूत्रों ने बताया कि आग बस की छत पर रखे बैटरी सेट में लगी। यह देखने के बाद बेस्ट कर्मचारियों ने तुरंत इसके साथ में खड़ी बसों को हटा दिया, ताकि आग आगे न फैले। बसों में आग बुझाने वाले यंत्रों की मदद से इसे बुझाने की भी कोशिश की गयी लेकिन इससे ज्यादा मदद नहीं मिली। बेस्ट के प्रवक्ता ने कहा, दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकलकर्मियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर करीब सवा पांच बजे आग पर काबू पा लिया।



आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। बेस्ट के महाप्रबंधक विजय सिंघल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उन्होंने टाटा मोटर्स से बात की है और आग की इस दूसरी घटना को देखते हुए इस खेप की सभी इलेक्ट्रिक बसों की जांच करने के लिए कहा है। मालवणी डिपो में 16 जून को भी एक इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बस में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि दोनों घटनाएं बसों को चार्ज करने के दौरान घटी थीं। सिंघल ने कहा, ऐसा लगता है कि बसों के निर्माण या चार्जिंग में कोई समस्या है और टाटा मोटर्स के तकनीकी कर्मचारी ही सटीक कारण बता पाएंगे।

## सम्पादकीय...

# जानलेवा प्रदूषण

यह विडंबना ही है कि देश में प्रदूषण व अन्य पर्यावरणीय संकट से जुड़े निष्कर्ष विदेशी एजेंसियों, विश्वविद्यालयों तथा विदेशी जर्नल के जरिये सामने आए तथ्यों के आधार पर पेश किये जाते हैं। कहना कठिन है कि शोध व अध्ययन के ये आंकड़े कितने तार्किक व विश्वसनीय हैं। यह भी कि उसमें बाजार की कितनी भूमिका है। विगत में पश्चिमी देशों की विशालकाय बहुराष्ट्रीय कंपनियां विकासशील देशों की प्रतिष्ठा से खेलने का उपक्रम भी करती रही हैं। विडंबना यह भी है कि ये अध्ययन उन विकासशील देशों को केंद्र में रखकर किये जाते हैं, जो सदियों औपनिवेशिक शासन के जरिये इन्हीं विकसित देशों द्वारा शोषित होते रहे हैं। जाहिर है अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु औद्योगिक इकाइयों का विस्तार इन देशों की मजबूरी है। बड़ी आबादी को रोजगार देना भी विवशता है। अपना लक्षित विकास कर चुके विकसित देश अब ग्लोबल वार्मिंग व प्रदूषण का ठीकरा विकासशील देशों के सिर फोड़ने पर आमादा रहते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एक संस्थान की वह रिपोर्ट हमें परेशान करती है कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु पांच साल कम कर रहा है। जबकि दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी दिल्ली के बारे में अध्ययन बताता है कि लोगों की उम्र 11.9 साल घट सकती है। बहरहाल, इन आंकड़ों का सत्यापन करने और प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की भी जरूरत है। अध्ययन इशारा करता है कि देश की एक अरब तीस करोड़ की आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। वहीं दो तिहाई भारतीय जनसंख्या ऐसे शहरों में निवास करती है, जहां प्रदूषण भारतीय मानकों से भी अधिक है। दूसरी ओर भारत का सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित है। सवाल यह है कि हमारे नीति-नियंता इस विकट होती स्थिति से निबटने के लिये युद्धस्तर पर पहल क्यों नहीं करते। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दशार्ते हैं। लेकिन स्थिति थोड़ी सामान्य होने पर परिणाम वही ढाक के तीन पात। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय किये जाते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने की बात की जाती है। फिर पराली को लेकर ठीकरा पंजाब व हरियाणा के किसानों के सिर फोड़ दिया जाता है। जिससे रह-रह कर प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंचता रहता है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में यह कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। जिसका मकसद ज्यादा प्रदूषित शहरों में हवा के स्तर को सुधारना था। विडंबना यह है कि चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया। यह चिंताजनक स्थिति तब है जबकि हवा को स्वच्छ बनाये रखने के लिये विभिन्न शहरों को छह हजार करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे।

# मुम्बई बैठक से बढ़ी इंडिया की ताकत

**प्रेम शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले से अड़चन में लाने वाले विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी को लेकर हुए नये खुलासों, चीन द्वारा जारी नये नक्शे से पीएम द्वारा झूठ बोला जाना साबित हो जाने, संसद के 18 से 22 सितम्बर तक अचानक बुलाए गये विशेष सत्र, नजदीक आती जी-20 की बैठक जैसे मुद्दों के बीच 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को चुनौती देने के लिये बने विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूजिव एलाएंस) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को जिस सकारात्मक नोट के साथ प्रारम्भ हुई है, वह आशा बंधाती है कि भारत को जिस आर्थिक बदहाली, सामाजिक विखंडन और कुप्रबन्धन के गर्त में इस सरकार ने डाल रखा है, उससे उबारने के लिये देशवासियों के सामने एक मजबूत विकल्प साकार हो सकेगा। इस दो दिवसीय बैठक में इंडिया का शुभंकर यानी लोगो, संयोजकों का मनोनयन, सीटों का बंटवारा, भावी कार्यक्रम जैसे विषयों पर फैसले होने हैं जिसके बाद इंडिया के घटक दल चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे। इसी वर्ष जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक




की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब नये खुलासों के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति की संगठन ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने नया धमाका किया है जिसमें बतलाया गया है कि गौतम अदानी एवं उनके भाई विनोद अदानी ने अपनी ही राशि से खुद की कम्पनियों के शेयर खरीदकर उस नियम का उल्लंघन किया है जिसके तहत कोई भी कम्पनी का प्रमोटर इनसाइड ट्रेडिंग नहीं कर सकता। निर्धारित संख्या में कुछ शेयर छोटे निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं। इस रिपोर्ट को दो प्रसिद्ध अखबार गार्डियन और दी फाइनेंशियल टाइम्स ने भी प्रकाशित कर बतलाया है कि मोदी के साथ ही निवेशकों के हितों की रक्षा करने के जिम्मेदार सेबी, जांच एजेंसियों आदि ने भी अदानी को बचाने में भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि मोदी ने गौतम अदानी को फायदा पहुंचाया था। राहुल गांधी बार-बार यह मामला उठाते आए हैं। उन्होंने पिछले साल निकाली अपनी शभारत जोड़ो यात्राश में इस मुद्दे को उठाया था तथा मोदी-अदानी के रिश्तों के बारे में लोकसभा में सवाल उठाये थे। इसके चलते एक अवमानना मामले का सहारा लेकर राहुल को लोकसभा से निलम्बित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है और सेबी भी अड़चन में दिख रहा है जिसने अदानी को क्लीन चिट दी थी। इसी मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की गई थी जिसे सरकार ने नकार दिया था।




मेषः- निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। कायरे के अत्याधिक बोझ से मन परेशान होगा। पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

बृषभः- काफी सारे अवरोधित कायरें के हल होने के आसार बनेंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। किसी महत्वपूर्ण क्षेत्र में सगे-संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

मिथुनः- जीविका क्षेत्र में कार्यकुशलता का जौहर बिखेरेंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम के लिए मन केंद्रित होगा। महत्वहपूर्ण क्षेत्रों में उच्चस्तरीय लोगों का सहयोग मिलेगा।

कर्कः- महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम के लिए मन चिंतित होगा। परिजनों से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा। आवेश में किये गये कार्य से हानि संभव।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाई का अभास होगा। किसी नये कार्य की सार्थकता हेतु मन प्रयत्नशील होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

कन्याः- कुछ कठिनाइयों सेस मन नकारात्मकता से पभावित होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की तैयारी में समुचित साधन-व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

तुलाः- कार्यकुशलता व बौद्धिक क्षमता से जीविका क्षेत्र सफलता अर्जित करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ब्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। किसी नये रिश्ते में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

वृश्चिकः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक होगा किंतु प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी।

धनुः- सुंदर भावनात्मक अभिव्यक्ति से निकट संबंधों में अच्छी छबि बनेगी। नैतिक जिम्मेदारियों में आपकी सजगता काबिले तारीफ होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

मकरः- भावनाओं से उद्वेलित मन से गलतियां स्वभाविक हैं। किसी नये कार्य के प्रति मन केंद्रित होगा। निकट संबंधों में किसी की कटु वाणी मन को दुखित करेगी।

कुंभः- कुछ नई जिम्मेदारियां मन पर दबाव बनाएंगी। अच्छी व्यवहार कुशलता से समाजिक मान-मयार्दा में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

मीनः- जीवन की कठिनाइयों के कारण मन में हीन भावना न आने दें। अपनी क्षमताओ पर भरोसा रखें। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मक को न पालें।

# ध्वस्त हो रही चीन की अर्थव्यवस्था

**संजीव ठाकुर**

क्या चीन की अर्थव्यवस्था का गुब्बारा फूट चुका है। हांगकांग और शंघाई की गगनचुंबी इमारतों के पीछे का सच सामने आने लगा है और भविष्यवाणी की जाने लगी है कि चीन की अर्थव्यवस्था घ्कभी भी धराशायी हो सकती है। दुनिया को अपने आर्थिक आतंकवाद से आतंकित करने वाले ड्रैगन की छटपटाहट दुनिया महसूस कर रही है। आगामी दिनों में चीन की इकानॉमी के बारे में और सच सामने आना तय है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ना तय है। हांगकांग का हैंग सेंग (एचएसआई) सूचकांक मंदी की चपेट में है। पिछले हफ्ते चीनी युआन 16 वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर गिर गया। रिपोट्र्स में दावा किया गया है कि इस साल की शुरूआत में कोविड लॉकडाउन हटने के बाद गतिविधियों में तेजी से बढ़ोतरी के बाद भी विकास रुक रहा है। उपभोक्ता कीमतें गिर रही हैं, रियल एस्टेट संकट गहरा रहा है और निर्यात में गिरावट आ रही है। युवाओं में बेरोजगारी की स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि सरकार ने आंकड़े ही प्रकाशित करना बंद कर दिया है। नोमुरा, मॉर्गन स्टेनली और बार्कलेज के शोधकर्ताओं ने पहले अपने पूवार्नुमानों में कटौती की थी। इसका मतलब है कि चीन लगभग 5.5ः के अपने आधिकारिक विकास लक्ष्य से चूक सकता है। चीन की अर्थव्यवस्था अप्रैल से मंदी में है, लेकिन इस महीने प्रॉपर्टी बिक्री के मामले में देश की सबसे बड़ी डेवलपर कंपनी कंट्री गार्डन और शीर्ष ट्रस्ट कंपनी झोंगरोंग ट्रस्ट के डिफॉल्टर के बाद चिंताएं तेज हो गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंट्री गार्डन ने दो अमेरिकी डॉलर बांड पर ब्याज भुगतान में चूक की है, जिससे निवेशक घबरा गए। चीन ने रियल एस्टेट बाजार को पुनर्जीवित करने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। लेकिन यहां तक कि इस क्षेत्र की मजबूत कंपनियां भी अब डिफाल्टर के कगार पर हैं। इस महीने की शुरूआत में झोंगरोंग ट्रस्ट कम से कम चार कंपनियों को लगभग 19 मिलियन डॉलर मूल्य के निवेश उत्पादों को चुकाने में विफल रहा है। चीनी सोशल मीडिया पर वीडियो में देखा गया घ्कि गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में ट्रस्ट कंपनी के कार्यालय के बाहर उत्पादों पर भुगतान की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। दुनिया पर चीनी अर्थव्यवस्था की गिरावट का असर यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका और भारतीय उपमहाद्वीप पर पड़ना तय है। अगर इन देशों से मांग कम रही तो चीनी फैक्ट्रियों के चक्के धीमे पड़ जाएंगे। चीनी फैक्ट्रियों में उत्पादन कम होने से बेरोजगारी बढ़ने की आशंका होगी। यह दुनिया को मंदी की तरफ धकेल देगा। आईएमएफ का कहना है कि चीन की आर्थिक वृद्धि दर में एक प्रतिशत की वृद्धि से अन्य देशों में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि होती है। संघर्षरत चीनी अर्थव्यवस्था वैश्विक सुधार को शुरूआती स्थिति में ही बाधित कर देगी। आईएमएफ के अनुसार, 2022 में 35ः के मुकाबले 2023 में वैश्विक वृद्धि अब केवल 3ः होगी। वर्ष 2023 में वैश्विक विकास में चीन और भारत की तरफ से 50ः से अधिक योगदान करने की उम्मीद है। भारत को इस अवसर का लाभ उठाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। मोदी सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में पीएलआई योजनाओं को लागू करके विनिर्माण उद्योगों को बढ़ावा देना शुरू किया है। चीन की ताकत रही हार्डवेयर इंडस्ट्री के बड़े खिलाड़ियों ने भारत में अपने प्रोजैक्ट लगाने शुरू कर दिए हैं। आईटी हार्डवेयर में 38 वैश्विक कंपनियों का पीएलआई स्कीम के लिए आवेदन उत्साहजनक है। जैसे-जैसे चीन धीमा होगा, वैसे-वैसे उसकी तेल और अन्य वस्तुओं की मांग बढ़ेगी। भारतीय कंपनियां कम कीमतों पर उन तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में भारत वैश्विक आपूर्ति सीरिज में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है।

# इंडिया गठबंधन की राहें ?

**आदित्य नारायण**

**लोकतन्त्र में सत्तारूढ़ पार्टी की जगह लेने के लिए विपक्षी दल हमेशा कवायद करते रहते हैं। यदि ऐसा न होता तो हम पिछले 76 वर्षों के दौरान केन्द्र में सत्ता में आयी विभिन्न राजनैतिक पार्टियों का शासन भी न देखते। इंडिया गठबन्धन और इसके जवाब में 38 राजनैतिक दलों के सत्तारूढ़ गठबन्धन एनडीए को हमें इसी नजरिये से देखना होगा। इंडिया में जहां कांग्रेस सबसे बड़ी एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है वहीं एनडीए में भाजपा की यही स्थिति है। बेशक दो गठबन्धन अस्तित्व में हैं परन्तु व्यावहारिक तौर पर हमें असली लड़ाई कांग्रेस व भाजपा में ही देखने को मिलेगी हालांकि कांग्रेस की ताकत विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों ने किसी हद तक हजम कर रखी है परन्तु जमीन पर इस वास्तविकता को देखते हुए ही विभिन्न विपक्षी दलों ने एकजुट होने का फैसला किया है जबकि दूसरी तरफ भाजपा की अपनी निजी ताकत में ही गुणात्मक वृद्धि हुई है और इसके विभिन्न सहयोगी दल हाशिये पर ही जोर आजमाइश करने वाली पार्टियां हैं। विपक्षी दलों के गठबन्धन का मुख्य कारण भी यही है।**

लोकतान्त्रिक प्रणाली की शासन व्यवस्था की सफलता की एक प्राथमिक शर्त यह भी होती है कि विपक्ष सर्वदा मजबूत रहे और जनता के सामने कभी भी विकल्पों की कमी न हो। लोकतन्त्र का दूसरा नाम विकल्प चुनने की आजादी का भी होता है जिससे शासन प्रणाली में लगातार शुचिता बनी रहे। इसीलिए लोकतान्त्रिक व्यवस्था को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शासन व्यवस्था माना जाता है। इसके मूल में वह तन्त्र होता है जिसके तहत कुदाल लेकर जमीन की खुदाई करने वाले और अपने निजी विमान से आसमान में उड़ने वाले व्यक्ति के अधिकार भी एक समान होते हैं क्योंकि दोनों के वोट का मूल्य बराबर ही होता है। आजाद भारत में स्वतन्त्रता सेनानियों ने अंग्रेजों से संघर्ष करके उन्हें बाहर निकालने के बाद देशवासियों को यह सबसे बड़ा अधिकार दिया



जिसे संविधान निमार्ता डा. बाबा साहेब अम्बेडकर ने राजनैतिक स्वतन्त्रता का नाम दिया। हमारे संविधान निमार्ताओं ने हर पांच वर्ष बाद चुनाव की जो व्यवस्था की उसका मन्तव्य हर हाल में देश में लोकोन्मुखी शासन इस तरह कायम करने का था कि सत्ता में आये किसी भी राजनैतिक दल को कभी भी स्वयं के स्वयंभू होने का विचार सपने में भी न आ सके। अतः किसी भी राजनैतिक दल को केवल जनता से शक्ति प्राप्त करने के लिए बांध दिया गया और जनता को लोकतन्त्र का मालिक घोषित कर दिया गया। पूरी प्रक्रिया में जनता की वोट की ताकत को स्थिरांक (कांस्टेंट) बना कर राजनैतिक दलों की ताकत को अस्थिर (वेरियेबल) बनाया गया। जरा कोई सोचे कि क्या इससे बेहतर भी कोई शासन प्रणाली हो सकती है? अतः 2024 के चुनावों की तैयारी के लिए विपक्ष की जिन 28 पार्टियों के गठबन्धन इंडिया का जो दो दिवसीय सम्मेलन मुम्बई में चल रहा है उसे हमें इसी पृष्ठभूमि में देखना होगा। लोकतन्त्र में सत्तारूढ़ पार्टी की जगह लेने के लिए विपक्षी दल हमेशा कवायद करते रहते हैं। यदि ऐसा न होता तो हम पिछले 76 वर्षों के दौरान केन्द्र में सत्ता में आयी विभिन्न राजनैतिक पार्टियों का शासन भी न देखते। इंडिया गठबन्धन और इसके जवाब में 38 राजनैतिक दलों के सत्तारूढ़ गठबन्धन एनडीए को हमें इसी नजरिये से देखना होगा। इंडिया में जहां कांग्रेस सबसे बड़ी एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है वहीं एनडीए में भाजपा की यही स्थिति है। बेशक दो गठबन्धन अस्तित्व में हैं परन्तु व्यावहारिक तौर पर हमें असली लड़ाई कांग्रेस व भाजपा में ही देखने को मिलेगी हालांकि कांग्रेस की ताकत विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों ने किसी हद तक हजम कर रखी है परन्तु जमीन पर इस वास्तविकता को देखते हुए ही विभिन्न विपक्षी दलों ने एकजुट होने का फैसला किया है जबकि दूसरी तरफ भाजपा की अपनी निजी ताकत में ही गुणात्मक वृद्धि हुई है और इसके विभिन्न सहयोगी दल हाशिये पर ही जोर आजमाइश करने वाली पार्टियां हैं। विपक्षी दलों के गठबन्धन का मुख्य कारण भी यही है। इंडिया गठबन्धन के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों के बीच भिन्न-भिन्न विचारधाराओं का समन्वय किस प्रकार हो जिससे भाजपा के समक्ष एक ठोस विमर्श खड़ा किया जा सके और आम जनता को आश्वस्त किया जा सके कि सत्ता में पहुंचने पर उनके बीच विचारधारा का संकट नहीं रहेगा और वे सभी एक तयशुदा कार्यक्रम के तहत काम करेंगे। अतः गठबन्धन के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करना पहली वरीयता होगी। इसके साथ ही इंडिया की एकता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसके अलग-अलग पार्टी के नेता जनता के बीच एक ही जबान में बोलें अर्थात उनका एक संयुक्त निर्विवादित एजेंडा हो। इसमें शामिल दलों की पहचान बेशक अलग हो सकती है मगर जनता उनकी पैमाइश एक ही तरीके से करे। यह कार्य निश्चित रूप से किसी कद्दावर नेता को गठबन्धन का संयोजक बनाये बिना नहीं हो सकता। इंडिया के पास ऐसे केवल दो ही नेता हैं। एक तो कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और दूसरे राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शरद पवार। दोनों जमीनी नेता हैं और आम जनता के बीच संघर्ष करके शिखर तक पहुंचे हैं हालांकि सुश्री ममता बनर्जी को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है परन्तु उनकी पहुंच बांग्लाभाषियों में सिमटी हुई है। सबसे बड़ी समस्या लोकसभा के टिकट बंटवारे की है। इस बारे में एक नजीर 1977 की हमारे सामने है। उस समय विपक्षी खेमे में आज की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा भी शामिल थी। विपक्षी गठबन्धन के सिर पर जयप्रकाश नारायण व अचार्य कृपलानी जैसे नेताओं का साया भी था परन्तु विपक्षी गठबन्धन के प्रत्याशियों को टिकट बांटने का काम स्वयं चैधरी चरण सिंह को दिया गया था। हमें मालूम है कि दक्षिण भारत में इंडिया की स्थिति मजबूत नजर आ रही है अतः असली चुनौती उत्तर-पूर्व व पश्चिम भारत में ही है। आचार्य कृपलानी ने चैधरी चरण सिंह को टिकट देने का प्रभारी इसलिए बनाया था क्योंकि तब के विपक्षी गठबन्धन को दक्षिण भारत से ज्यादा उम्मीद थी। आज की परिस्थिति इसके ठीक उलट है। विपक्षी गठबन्धन को उत्तर भारत में ही भाजपा का कड़ा मुकाबला करना होगा। अतः चुनावी माहौल को वहीं नेता सूंघ सकता है जो जमीन पर संघर्षरत रहा हो खास कर मजदूर, किसान व गरीब वर्ग के लोगों की राजनैतिक मानसिकता का अन्दाजा लगा सकता हो। ये चुनाव राष्ट्रीय होंगे अतः राष्ट्र स्तर पर भी उसे सम्मान की नजर से देखा जाता हो। यह चुनौती बहुत बड़ी है।

# जवान के ट्रेलर ने इंटरनेट पर लगाई आग, शाहरुख के स्वैग से नेटिजन्स के उड़े होश



**शाहरुख** खान की एक्शन और प्रभावशाली संवादों से भरपूर आगामी फिल्म्म जवान का गुरुवार को ट्रेलर जारी किया गया। दो मिनट पैंतालीस सेकंड लंबे ट्रेलर की शुरूआत शाहरुख खान से होती है, जो अपनी आवाज में कहते हैं, एक राजा था, एक के बाद एक, एक जंग हारता गया... भूखा प्यासा घूम रहा था जंगल में बहुत गुस्से में था। ट्रेलर में शाहरुख के किरदार को समुद्र में तैरते हुए दिखाया गया है, जिसके हाथों पर खून लगा हुआ है और पूरी तरह से पट्टी बंधी है। इसके बाद एक अपहरण सीन में एक्शन होता है। फिल्म का एक दिलचस्प सीन दिखाया गया है, जिसमें गंजे शाहरुख खान मेट्रो में लोगों को बंधक बनाते नजर आ रहे हैं। एक आवाज आती है ये बताओ तुम्हें चाहिए क्या? शाहरुख फिर कहते हैं, चाहिए तो आलिया भट्ट। फिल्म के ट्रेलर में शाहरुख की झलक जवान के रूप में दिखाई गई है, जिसमें वह एक सैनिक, वर्दी पहने और मूंछें लगाए हुए हैं। ट्रेलर में सान्या मल्होत्रा, प्रियामणि, नयनतारा और दीपिका पादुकोण की भी झलक है, यहां तक कि वह शाहरुख के साथ लड़ाई करती हुई भी नजर आ रही हैं। फिल्म में एक बाल कलाकार को शाहरुख से पूछते हुए देखा जाता है कि क्या उनके बाल असली हैं या उन्हें रंगा है। शाहरुख की बुरी हंसी के कारण उसे खांसी आ जाती है। शाहरुख को बंदूक लहराते कहते हुए भी देखा जाता है, जब मैं विलेन बनता हूं ना... फिल्म में विजय सेतुपति ने काली की भूमिका निभाई है, जो दुनिया का चैथा सबसे बड़ा हथियार डीलर है। एक और डायलॉग, जो काफी पसंद किया जा रहा है, जब शाहरुख कहते हैं, हम जवान हैं। 1000 बार अपनी जान दांव पर लगा सकते हैं लेकिन सिर्फ देश के लिए। तुम्हारे जैसे देश बेचने वालो के लिए नहीं... तो काली कोई डील नहीं। इसके बाद जवान के रूप में शाहरुख का एक्शन से भरपूर अवतार दिखता है। वह कहते हैं, बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर। अंत में, शाहरुख के नकारात्मक अवतार को नयनतारा से बात करते हुए सुना जाता है, जो उनसे पूछती है, अब और क्या चाहिए? जिस पर वह जवाब देते हैं, एक गाना सुनाइये, और बैकग्राउंड में क्लासिक रमैया वस्तावैया शुरू हो जाता है। जवान दुनियाभर में 7 सितंबर 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

## पैपराजी ने कसा विजय वर्मा पर तंज से तीर, जिसके बाद गुस्से से लाल नजर आए एक्टर

जब से तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा को सीरीज लस्ट स्टोरीज में देखा गया है और इन



दोनों ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस पर चुप्पी तोड़ी है जब से ये कपल लाइम लाइट में बना हुआ है और आए दिन सोशल मीडिया पर इनके चर्चे होते दिखाई देते है।हर एक शख्स की निघा इनके रिलेशनशिप पर टिकी हुई है इसी के साथ पैपराजी भी इन दोनों को एक साथ स्टॉप कर इस कपल को काफी लाइम लाइट देते है। वही एक बार फिर विजय और तम्मना सुर्खियों में आए है हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने जिसमे तम्मना और विजय वर्मा को एक साथ एक ही दिन लेकिन अलग-अलग एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया।जिसके बाद ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि कपल एक साथ वेकेशन मानाने दोबारा निकले है। हलाकि दोनों स्टार्स की तरफ से इस मामले पर कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। इसी के साथ ब्यूटी क्वीन तम्मना भाटिया ने अपने इंस्टा हैंडल पर मालदीव्स में एन्जॉय करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की थी वहीं अब दोनों ही सितारों को दोबारा एक साथ एक ही दिन एयरपोर्ट पर देखा गया है ऐसे में पैपराजी ने विजय वर्मा से उनके वेकेशन को लेकर कुछ ऐसा पूछ डाला है कि एक्टर उनपर भड़कते हुए दिखाई दिए है। जब एयरपोर्ट पर विजय वर्मा डेनिम और व्हाइट शर्ट के साथ नजर आये तो पैपराजी ने कहा- श्आप मालदीव्स से समंदर के मजे लेकर आये हो ?जिसके बाद पैपराजी के इस सवाल पर विजय वर्मा का गुस्सा फुट गया और उन्होंने पैपराजी से कहा- श्आप ऐसे सवाल नहीं कर सकते ?जिसके बाद गुस्से से लाल हुए विजय वर्मा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता नजर आ रहा है।इसी के साथ तम्मना भाटिया ने भी अपने वेकेशन को काफी एन्जॉय किया और काफी सुर्खियां बटोरी है। एयरपोर्ट पर एक्ट्रेस काफी कूल अंदाज में नजर आई।इस दौरना एक्ट्रेस को ब्राउन ब्रीज ओवर लेयर कॉर्ड सेट से देखा और जिस लुक को उन्होंने मैचिंग सन गॉगल्स पहने और फ्लैट हेयर बन में नजर आई। बता दे, विजय वर्मा तम्मना भाटिया को लेकर काफी समय से सुर्खियों में चल रहे है दोनों की डेटिंग अफवाहें लम्बे समय से सुर्खियां बटोर रही है वही फिल्म लस्ट स्टोरीज-2 के दौरान दोनों ने अपने रिलेशनशिप को ऑफिसियल कर दिया था जिसके बाद से ही दोनों को एक साथ देखा जाता है साथ ही इन दोनों की तस्वीरे भी सोशल मीडिया पर वायरल होती दिखाई देती है।

## म्यूजिक इंडस्ट्री में आने से पहले एक्टर बनना चाहता था अनु मलिक



म्यूजिक कंपोजर और सिंगर अनु मलिक ने रियलिटी सिंगिंग शो श्सा रे गा मा पाश में अपने पुराने दिनों को याद किया और खुलासा किया कि म्यूजिक इंडस्ट्री में आने से पहले वह एक्टर बनना चाहते थे। सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। जहां देश भर से कंटेस्टेंट्स टॉप 12 में जगह पाने के लिए ऑडिशन दे रहे हैं, वहीं कुछ ने अपनी आवाज से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। ऐसे ही एक कंटेस्टेंट हैं पंजाब के अनमोल, जिनके गाने इक कुड़ी की शानदार परफॉर्मेंस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिगिंग, कम्पोजिंग और लेखन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा के बारे में जानने के बाद, अनु मलिक ने उन्हें अपने सिंगिंग स्किल के साथ-साथ लेखन को एक पेशे के रूप में ध्यान केंद्रित करने पर विचार करने की सलाह दी। उन्होंने स्टेज पर अनमोल की कविता को सराहा। उन्होंने कहा, आप एक महान सिंगर हैं लेकिन मेरे लिए, आप उससे भी बेहतर लेखक हैं। आप जीवन में क्या करना चाहते हैं, यह तय करने के लिए आपकी लड़ाई खुद से है। और मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें अपना 100 प्रतिशत देने में विश्वास रखता हूं। 62 वर्षीय कंपोजर ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वह छोटे थे तो कैसे एक्टर बनना चाहते थे। अनु ने कहा, जब मैं छोटा था, तो मैं एक्टर बनना चाहता था, लेकिन कुछ अभिनेताओं में जिस तरह की चाहत थी, उसे देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मैं एक्टिंग के लिए नहीं बना हूं। और, फिर मैंने धुनें बनाना शुरू किया और यहां मैं आपके सामने बैठा हूं। इसलिए, मैं बस इतना ही कहना चाह रहा हूं कि कुछ ऐसा करें जिसमें आप जानते हों कि आप उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। अनु मलिक को आइला रे, जानम समझा करो, श्एक गरम चाय की प्याली, गोरी गोरी, ऊंची है बिल्डिंग और ईस्ट ऑर वेस्ट इंडिया इज द बेस्ट जैसे हिट ट्रैक के लिए जाना जाता है। सा रे गा मा पा का नया सीजन जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## करण कुंद्र ने खरीदा आलिशान लग्जरी अपार्टमेंट, जानिए कब होंगे नए लग्जरी फ्लैट में शिफ्ट



करण कुंद्रा टीवी इंडस्ट्री के सबसे टैलेंटेड और पॉपुलर एक्टर्स में से एक है करण की सोशल मीडिया पर भी अच्छी खासी फैन फोल्लोविंग है साथ ही एक्टर अपने करियर में अब तक अच्छा मुकाम हासिल कर चुके है।वहीं एक्टिंग और मॉडलिंग के अलावा करण ने कई सोर्स पप्रॉपर्टी भी बना ली है वो कई ब्रांड्स एंडोर्समेंट और एड्स से भी अच्छी खासी रकम कमा रहे है ऐसे में अपनी मेहनत की कमाई से करण ने हाल ही में शहर में एक आलिशान घर खरीदा है। एक्टर ने अब मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया है की वो अपने नए घर में कब शिफ्ट होने वाले है ?करण कुंद्रा से हाल ही में पूछा गया कि वो शादी कब कर रहे है? साथ ही एक्टर ने इसके बाद इस सवाल से बचते हुए अपनी आने वाली सभी एहम तारीखों और इवेंट के बारे में बताया उन्होंने कहा मेरी अगली फिल्म 6 अक्टूबर को रिलीज होगी इसके बाद उन्होंने बताया उनकी इस फिल्म के बाद दशहरा, दिवाली, क्रिसमस और न्यू ईयर है। करण कुंद्रा से इसके बाद पूछा गया कि वो अपने नए घर में कब शिफ्ट होंगे? जिसके जवाब में करण कुंद्रा ने बताया जल्द ही बाप्पा आ रहे है और गणपति बेहद ही एहम है मैं अपने नए घर में गणपति में शिफ्ट हो रहा हूं।जिसके बाद तेजस्वी और उनकी शादी के बारे में बात करते हुए हुए एक्टर ने कहा- सब मोह माया है जिंदगी में असली पनीर होता है खाओ, पियो ऐश करो। वही आपकी जानकारी के लिए बता दे, करण कुंद्रा ने शहर के सबसे पॉश इलाके बांद्रा में समुंद्र के सामने आलिशान फ्लैट खरीदा था।करण कुंद्रा के सपनों के घर से समुंद्र का नजारा दिखाई देता है।इसमे एक पर्सनल लिफ्ट और सुम्मिंग पूल है।ये अपार्टमेंट ब्रांदा में स्थित 81 ।नतमंजम नाम की बिल्डिंग में 12वी मंजिल पर स्थित है।मीडिया रिपोट्स के मुताबिक एक्टर ने इस बंगले को काफी मोटी रकम में खरीदा है।इस फ्लैट को खरीदने के लिए एक्टर ने 14 करोड़ का भुक्तान किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो करण फिलहाल तीन बैडरूम वाले अपार्टमेंट में रहते है, जो कथित तौर प मुंबई के यारी रोड पर है ये घर खूबसूरती से डिजाइन किए गए लिविंग एरिया से लेकर खूबसूरत बालकनी तक, करण का बैचलर पैड सब कुछ अच्छा है।

## वॉर 2 की रिलीज डेट हुई फाइनल, ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म इस डेट को सिनेमा घरों में देगी दस्तक



बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक अयान मुखर्जी की मच अवेटेड मूवी वॉर 2 की रिलीज डेट फाइनल हो चुकी है। इस मूवी को मेकर्स 2025 में रिलीज करेंगे। बता दें कि इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी श्वॉर ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। जिसके बाद फैंस वॉर 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसी के साथ फिल्म के निमार्ता आदित्य चोपड़ा ने वॉर 2 की तैयारी शुरू कर दी है। जिसे इस बार सिद्धार्थ आनंद की जगह आयान मुखर्जी बनाने वाले हैं । जिसके लिए आयान मुखर्जी ने कमर कस ली है। अब खबर ये है की इस फिल्म की रिलीज डेट पर भी निमार्ता-निर्देशक ने पक्की मुहर लगा दी है। रिपोर्ट की मानें तो वॉर 2 बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन और साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म के निमार्ता-निर्देशक फिल्म को साल 2025 में गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी पर रिलीज करने की सोच रहें हैं । अगर बॉलीवुड की फिल्मो का इतिहास देखा जाए तो गणतंत्र दिवस हमेशा से ही बॉलीवुड के लिए एक अच्छा मौका माना जाता है। फिर चाहें अग्निपथ हों या फिर पठान।निमार्ता आदित्य चोपड़ा और ऋतिक रोशन दोनों ने ही इस बात को बखूबी से जानते हैं। अब वॉर 2 के मेकर्स इस फिल्म के लिए 2025 गणतंत्र दिवस पर अपनी आँख जमा कर बैठे हुए हैं । बता दें कि ऋतिक रोशन की मच अवेटेड फिल्म फाइटर भी साल 2024 गणतंत्र दिवस पर ही आने वाली है। जिसमें दीपिका पादुकोण भी ऋतिक के अपोजिट नजर आएंगी। बता दें कि सूत्रों के मुताबिक ये एक टेंटेटिव डेट है। हालांकि इस बात पर अभी आधिकारिक तौर पर मुहर लगनी बाकी है। यह फिल्म इस साल नवंबर तक फ्लोर पर जाने वाली हैं। हो सकता है कि फिल्म को बनने में समय लग जाए। लेकिन मेकर्स फिल्म को गणतंत्र दिवस के आस पास ही बॉक्स ऑफिस पर लाने की तैयारी में है।

# महामुकाबले से पहले फोटोशूट के बीच टीम इंडिया की मस्ती

## बल्ले से खेला गोल्फ, सूर्या को छोड़ सब फेल

**⇨ पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले फोटोशूट के दौरान भारतीय खिलाड़ी मस्ती के मूड में नजर आए। ईशान किशन ने सबसे ज्यादा मस्ती की, जबकि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं थे।**




**एजेंसी**

नई दिल्ली।भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ी मस्ती के मूड में नजर आए। एशिया कप में टीम इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरूआत कर रही है। इससे पहले टीम के सभी खिलाड़ियों ने फोटोशूट कराया। इस दौरान युवा खिलाड़ियों ने जमकर मस्ती की। वहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं थे। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के फोटोशूट का वीडियो शेयर किया है, जिसमें सभी खिलाड़ी हल्के मूड में दिख रहे हैं। ईशान किशन सबसे ज्यादा मस्ती करते नजर आए। एक बार फिर शुभमन गिल के साथ उनका याराना देखने को मिला। गिल गंभीर मुद्रा में फोटो के लिए पोज दे रहे थे। ऐसे में ईशान किशन ने उन्हें हंसने पर मजबूर कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने फोटोशूट के दौरान गोल्फ भी खेला। स्टूडियो के अंदर बैट लेकर सभी खिलाड़ी बारी-बारी से गोल्फ का शॉट खेलने की कोशिश करने लगे। हालांकि, सिर्फ सूर्यकुमार यादव ही गेंद को सही ठिकाने पर पहुंचा पाए। उनके अलावा अन्य सभी खिलाड़ियों के प्रयास विफल रहे।बीसीसीआई ने फोटोशूट का दो मिनट चार सेकेंड का वीडियो शेयर किया है, जिसमें विराट और रोहित शर्मा सिर्फ शुरूआती 12 सेकेंड में ही नजर आ रहे हैं। ये दोनों सीनियर खिलाड़ी फोटो क्लिक कराने के बाद गायब से हो गए। वहीं, बाकी जूनियर खिलाड़ी मस्ती करते रहे। इसमें ईशान किशन सबसे आगे थे। युवा तिलक वर्मा फोटोशूट के दौरान काफी गंभीर नजर आए। कैमरे के सामने वह नर्वस भी थे। एशिया कप में टीम इंडिया विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देना चाहेगी। ऐसे में भारत के लिए मध्यक्रम में सही खिलाड़ियों का चुनाव और बल्लेबाजी क्रम तय करना बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा कप्तान रोहित यह सुनिश्चित करना चाहेंगे कि उन्हें तीन तेज गेंदबाज या तीन स्पिन गेंदबाज किस संयोजन के साथ खेलना है। हार्दिक की मौजूदगी में भारतीय टीम दो तेज गेंदबाज के साथ खेल सकती है। ऐसे में शमी, बुमराह और सिराज में से किन्हीं दो गेंदबाजों का चयन करना मुश्किल होगा। चोट से वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर की फॉर्म और राहुल की जगह खेलने वाले ईशान किशन का बल्लेबाजी क्रम भी देखने वाली बात होगी।

# सुपर ओवर में रिंकू सिंह का कमाल

## लगातार तीन छक्के जड़ टीम को जीत दिलाई; आईपीएल का कारनामा दोहराया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। आईपीएल में लगातार पांच छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह ने यूपी टी20 लीग में भी कमाल किया है। सुपर ओवर में उन्होंने लगातार तीन छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई और फिर सुर्खियों में आ गए। इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच में भी उन्होंने अंत के ओवरों में शानदार बल्लेबाजी की थी और भारत को अच्छे स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया था। यूपी टी20 लीग के मुकाबले में रिंकू की टीम मेरठ मारविक्स का सामना काशी रुद्रा से था। मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाए। मेरठ के लिए सबसे ज्यादा 87 रन माधव कौशिक ने बनाए। उन्होंने 52 गेंद में नौ चौके और



चार छक्के की मदद से विस्फोटक पारी खेली। रिंकू ने 22 गेंद में 15 रन की धीमी पारी खेली। हालांकि, 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए काशी रुद्रा की टीम सात विकेट खोककर 181 रन ही बना पाई और मैच टाई हो गया। ऐसे में सुपर ओवर के जरिए मैच का नतीजा निकाला गया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए काशी की टीम ने 16 रन बनाए। कर्ण शर्मा ने पांच गेंद खेलकर एक चौके और एक छक्के की मदद से 10 रन बनाए। वहीं, आखिरी गेंद में मोहम्मद शरीम ने छक्का लगाकर काशी का स्कोर 16 रन कर दिया। मेरठ के लिए 17 रन के लक्ष्य का पीछा करने रिंकू सिंह और दिव्यांश क्रीज पर आए। 22 गेंद में 15 रन बनाने वाले रिंकू पर टीम ने भरोसा जताया और उन्हें स्ट्राइक पर भेजा, लेकिन पहली गेंद पर वह कोई रन नहीं बना सके। हालांकि, इसके बाद उन्होंने लगातार तीन गेंदों पर छक्के लगाए और अपनी टीम को दो गेंद रहते जीत दिला दी। उनकी इस पारी ने सभी को आईपीएल का वह मैच याद दिला दिया, जिसमें उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए गुजरात के खिलाफ यश दयाल के आखिरी ओवर की अंतिम पांच गेंदों में पांच छक्के लगाए थे और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

# जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत का इजाफा

## अगस्त में 1.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी।**




**एजेंसी**

नई दिल्ली। देश के जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये (17.41 अरब डॉलर) जुटाए थे।मल्होत्रा ने कहा कि जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी और सांकेतिक रूप से इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जून तिमाही के दौरान जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। यह कर-जीडीपी अनुपात 1.33 से अधिक है।जीएसटी पुरस्कार योजना 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' शुक्रवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई। केंद्र और राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में पुरस्कार राशि के लिए 30 करोड़ रुपये का कोष तय किया है।हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि योजना के लिए मोबाइल ऐप को अब तक 50,000 से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि 'मेरा बिल, मेरा अधिकार' जीएसटी लकी ड्रा छह राज्यों में पायलट आधार पर शुरू किया जा रहा है और पुरस्कार राशि में केंद्र तथा राज्य समान रूप से योगदान करेंगे।मल्होत्रा ने कहा, 'जीएसटी से नागरिकों, ग्राहकों और सरकारों को फायदा हुआ है। राजस्व हर महीने बढ़ रहा है और केंद्र तथा राज्य यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आए हैं कि जीएसटी के तहत कर दरें कम हों।'

### मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया, 2023 कैलेंडर वर्ष में 6.7% जीडीपी रहने की उम्मीद

**एजेंसी**

नई दिल्ली। मूडीज ने अपने ह्यग्लोबल मैक्रो आउटलुकह्न में कहा, मजबूत सेवाओं के विस्तार तथा पूंजीगत व्यय ने भारत की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को प्रेरित किया रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मजबूत आर्थिक गति के चलते 2023 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर शुक्रवार को 6.7 प्रतिशत कर दिया।मूडीज ने अपने ह्यग्लोबल मैक्रो आउटलुकह्न में कहा, मजबूत सेवाओं के विस्तार तथा पूंजीगत व्यय ने भारत की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को प्रेरित किया। इसलिए हमने भारत के लिए अपने 2023 कैलेंडर वर्ष के वृद्धि का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।रेटिंग एजेंसी ने कहा कि दूसरी तिमाही का बेहतर प्रदर्शन 2023 में उच्च आधार प्रदान करता है।

# पाकिस्तान के साथ मैच से पहले भारतीय बल्लेबाजों को विराट की चेतावनी

**⇨ विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान के गेंदबाजों की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।**




**एजेंसी**

नई दिल्ली। एशिया कप 2023 की शुरूआत हो चुकी है। भारत का पहला मैच पाकिस्तान के साथ है और इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें तैयार हैं। पाकिस्तान ने टूनार्मेंट के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी और यह टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। वहीं, भारतीय टीम खिलाड़ियों की चोट से परेशान है। लोकेश राहुल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर सर्जरी के बाद पहली बार कोई मैच खेलेंगे। ऐसे में विराट कोहली ने कहा है कि पाकिस्तान के गेंदबाज शानदार हैं और उनके खिलाफ बड़ी पारी खेलने के लिए आपको आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी तीन वनडे मैच जीते हैं, लेकिन दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे मैच 2019 विश्व कप में हुआ था।विराट कोहली ने एक स्पोर्ट्स चैनल पर बात करते हुए कहा ह्लमुझे लगता है कि गेंदबाजी उनकी ताकत है। और उनके पास वास्तव में कुछ प्रभावशाली गेंदबाज हैं जो अपने कौशल सेट के आधार पर कभी भी खेल का रुख बदल सकते हैं। इसलिए, आपको उनका सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।कोहली हाल ही में वनडे मैचों में अच्छी फॉर्म में रहे हैं, उन्होंने पिछले दिसंबर से इस प्रारूप में 13 मैचों में 50.36 की औसत से 554 रन बनाए हैं। खेल के प्रति अपने नजरिए के बारे में बात करते हुए, कोहली ने कहा, ह्लमैं केवल यह समझने की कोशिश करता हूं कि मैं अपने खेल को कैसे बेहतर कर सकता हूं। हर दिन, हर अभ्यास सत्र, हर साल, हर सीजन, इसी चीज ने मुझे इतने लंबे समय तक अच्छा खेलने और अपनी टीम के लिए प्रदर्शन करने में मदद की है। मुझे नहीं लगता कि आप इस मानसिकता के बिना लगातार प्रदर्शन कर सकते हैं, क्योंकि यदि आपका निजी प्रदर्शन ही आपका एकमात्र लक्ष्य है, तो आप संतुष्ट हो सकते हैं और कड़ी मेहनत करना बंद कर सकते हैं। इसकी कोई सीमा नहीं है।"विराट ने आगे कहा "ऐसी कोई निश्चित उपलब्धि नहीं है कि यदि आप एक निश्चित स्तर पर पहुंच जाते हैं, तो आप उत्कृष्टता पर पहुंच गए हैं। मुझे लगता है कि मैं हर दिन बेहतर होने के लिए प्रयास करता हूं, इसलिए यह एक बेहतर शब्द है, और हां, निजी प्रदर्शन निश्चित रूप से ज्यादा मायने नहीं रखता, जब आप यह सोचते हैं कि 'मैं इस स्थिति से अपनी टीम को कैसे जीत दिलाऊं?"2022 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ विराट ने 82 रन की शानदार पारी खेली थी।

# शुरूआती तीन में से दो प्रयास फाउल फिर भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए चोट से परेशान नीरज




**एजेंसी**

नई दिल्ली।भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर कमाल किया है। ज्यूरिख डायमंड लीग में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया है और अमेरिका में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में जगह बना ली है। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के लिए नीरज ने पूरा दमखम लगाया था। इस दौरान वह थोड़े चोटिल भी हो गए थे। इसी वजह से ज्यूरिख में वह पूरी लय में नहीं थे। इसके बावजूद वह दूसरे स्थान पर रहे और शीर्ष स्थान हासिल करने से 15 सेंटिमीटर से चूक गए प्रतियोगिता से पहले उन्होंने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उन्हें पीठ और कंधे में थोड़ा दर्द महसूस हो रहा था। ऐसे में नीरज ने ज्यूरिच में धीमी शुरूआत की। उनका पहला थ्रो 80.79 मीटर का रहा। पहले राउंड के बाद वह दूसरे स्थान पर थे। लिथुआनिया के एडिस मातुसेविशियस ने पहले राउंड में 81.62 मीटर का थ्रो किया और वह पहले स्थान पर थे। नीरज के अगले दो प्रयास फाउल रहे और पांचवें स्थान पर खिसक गए।

# एशिया के लिए ललित उपाध्याय की हॉकी टीम में वापसी



**हॉकी इंडिया के चयनकताओं ने इस महीने की शुरूआत में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों आकाशदीप, कार्ति और रक्षक खिलाड़ी जुगराज सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया।**

**एजेंसी**

नई दिल्ली।अनुभवी ललित उपाध्याय ने चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में वापसी की लेकिन स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह और कार्ति सेलवम को टीम में जगह नहीं मिली। एशियाई खेलों की टीमों के लिए यहां हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित विदाई समारोह के दौरान टीमों की आधिकारिक घोषणा की गई।हॉकी इंडिया के चयनकताओं ने इस महीने की शुरूआत में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों आकाशदीप, कार्ति और रक्षक खिलाड़ी जुगराज सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और मिडफील्डर हार्दिक सिंह एशियाई खेलों के लिए क्रमशः कप्तान और उप कप्तान की भूमिका निभाते रहेंगे।टीम में जुगराज की जगह संजय लेंगे, जबकि आकाशदीप और कार्ति की जगह ललित और अभिषेक को टीम में शामिल किया गया है। पुरुषों की 12 टीमों की प्रतियोगिता में भारत को पूल ए में एशियाई खेलों के मौजूदा चैंपियन जापान, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में कोरिया, मलयेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया हैं।पुरुष टीम : पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), संजय, सुमित, नीलकांता शर्मा, हार्दिक सिंह (उप-कप्तान), मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, अभिषेक, गुरजंट सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय।इस बीच गोलकीपर सविता पूनिया एशियाई खेलों में 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की अगुआई करेंगी।

# नाननंदा और उनके परिवार से मिले खेल मंत्री अनुराग ठाकुर

## हिमाचली टोपी और शॉल देकर किया सम्मान



**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शतरंज खिलाड़ी प्रगनाननंदा और उनके माता-पिता के साथ दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने भारतीय ग्रांडमास्टर को हिमाचली टोपी पहनाई और शॉल के साथ सम्मान किया। इसके बाद उन्होंने प्रगनाननंदा को एक खास थाल भी दी, जिसमें मां दुर्गा की मूर्ति बनी हुई थी। शतरंज विश्व कप में प्रगनाननंदा के सबसे युवा उपविजेता बनने के बाद पूरे देश में उनका स्वागत हो रहा है। जब वह देश वापस लौटे थे तो चेन्नई एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में लोग बुके और शॉल लेकर उनसे मिलने पहुंचे थे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे और उनके माता-पिता से मुलाकात की। वहीं, आनंद महिंद्रा ने उनके माता-पिता को इलेक्ट्रिक कार देने का फैसला किया है।प्रगनाननंदा से मुलाकात के बाद अनुराग ठाकुर ने कहा "सबसे पहले मैं प्रगनाननंदा को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भारत का नाम बहुत रोशन किया है और बहुत छोटी उम्र में ग्रांडमास्टर बने। मात्र 16 साल की उम्र में वो कर दिखाना, जो पहले कोई और नहीं कर पाया और अब 18 साल की उम्र में विश्व कप के फाइनल में पहुंचना। शानदार प्रदर्शन करना, इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। इनको देखकर लाखों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि वह चेस खेलें और अच्छा करें।"अनुराग ठाकुर ने कहा "हालांकि, शतरंज की उत्पत्ति भारत में ही हुई थी, लेकिन कई वर्ष लग गए भारत में शतरंज ओलंपियाड कराने में।

# जया वर्मा सिन्हा होंगी रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ और अध्यक्ष

**एजेंसी**

नई दिल्ली।मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा नए अध्यक्ष और सीईओ (रेलवे बोर्ड) के रूप में अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी और 1 सितंबर, 2023 को पदभार ग्रहण करेंगी। वह रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष भी हैं। विजयलक्ष्मी विश्वनाथन रेलवे बोर्ड की पहली महिला सदस्य थीं।1988 बैच की भारतीय रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी, सिन्हा वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में काम कर रही हैं। वह ऐसे समय में बोर्ड का प्रभार संभालेंगी जब भारतीय रेलवे को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड बजटीय आवंटन प्राप्त हुआ है।केंद्रीय बजट 2023-24 में भारतीय रेलवे को



2.74 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया है। यह राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को किया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। वित्त वर्ष 2022-23 में रेलवे के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये का सकल बजटीय आवंटन किया गया था।रेलवे बोर्ड की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ?और अध्यक्ष के पद पर नियुक्त की गईं जया वर्मा सिन्हा ने हाल ही में हुए बालासोर हादसे के दौरान रेलवे की ओर से बतौर सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) मीडिया से बातचीत में अहम भूमिका निभाई थी और जटिल सिग्नल प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़ीं जया ने चार वर्षों तक बांग्लादेश के ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में रेलवे सलाहकार के रूप में भी काम किया। बांग्लादेश में उनके कार्यकाल के दौरान कोलकाता से ढाका तक मैत्री एक्सप्रेस का उद्घाटन किया गया था। उन्होंने पूर्वी रेलवे, सियालदह डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी काम किया।जया वर्मा सिन्हा का संगम नगरी से गहरा रिश्ता रहा। प्रयागराज में ही उनका जन्म हुआ। स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातक एवं परास्नातक भी उन्होंने प्रयागराज से ही किया। उनके पिता वीबी वर्मा सीएजी ऑफिस में क्लास वन अफसर रहे। इसी तरह उनके बड़े भाई जयदीप वर्मा भी यूपी रोडवेज में क्लास वन अफसर रहे। सेवानिवृत्त होने के बाद फिलहाल वह लखनऊ में ही अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। प्रयागराज में जन्मी जया का पैतृक निवास अल्लापुर स्थित बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम में है। बचपन से ही मेघावी रही जया की स्कूली शिक्षा सेंट मेरी कान्वेंट इंटर कालेज से हुई। उसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी (पीसीएम) की। उन्होंने परास्नातक की पढ़ाई भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही की। यहां से उन्होंने मनोविज्ञान से परास्नातक किया।जया वर्मा ट्रेंनिंग के बाद 1990 में कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक (एसीएम) बनीं। खास बात यह रही कि डेढ़ साल के उनके कार्यकाल के दौरान कभी कर्मचारियों को आंदोलन नहीं करना पड़ा।

# अगस्त 2023 में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में आई तेजी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की इकोनॉमिक्स असोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा कि भारत के पीएमआई नतीजों ने अगस्त में देश के मैन्युफैक्चरिंग परिदृश्य की जीवंत तस्वीर पेश की है।डी लीमा ने कहा, "नए ऑर्डर और उत्पादन में मजबूत और तेज वृद्धि से पता चलता है कि यह क्षेत्र दूसरी तिमाही के आर्थिक विकास में एक मजबूत योगदान प्रदान करना चाहता है।"देश में विनिर्माण गतिविधियों में अगस्त में तेजी आई क्योंकि नए ऑर्डर और उत्पादन में करीब तीन साल में सबसे तेज दर से वृद्धि दर्ज की गई। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त में बढ़कर



58.6 पर पहुंच गया, जो जुलाई में 57.7 पर था।एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की इकोनॉमिक्स असोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा कि भारत के पीएमआई नतीजों ने अगस्त में देश के मैन्युफैक्चरिंग परिदृश्य की जीवंत तस्वीर पेश की है।डी लीमा ने कहा, "नए ऑर्डर और उत्पादन में मजबूत और तेज वृद्धि से पता चलता है कि यह क्षेत्र दूसरी तिमाही के आर्थिक विकास में एक मजबूत योगदान प्रदान करना चाहता है।"रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएमआई ने पूरे भारत में विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति में मजबूत सुधार दिखाया है, क्योंकि अगस्त के दौरान लगभग तीन वर्षों में नए ऑर्डर और उत्पादन में सबसे तेज दर से वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है, "डेटा संग्रह के साढ़े 18 साल में कंपनियों ने बढ़ती मांग से निपटने के लिए खरीदारी का स्तर बढ़ाकर अपने इनपुट स्टॉक का पुनर्निर्माण करने में दूसरी सबसे तेज वृद्धि दिखाई है।"

## मुख्य समाचार

### घोसी उपचुनाव में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह का किया समर्थन

लखनऊ (संवाददाता)। घोसी विधानसभा के उपचुनाव में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह का समर्थन किया है। इस आशय का बयान आइपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस आर दारापुरी ने प्रेस को जारी किया है। उन्होंने बताया कि घोसी विधानसभा और मऊ जनपद में बड़े पैमाने पर बुनकर रहते हैं। भाजपा की सरकार में बुनकरों का हाल बेहाल है। उनके फ्लैट रेट पर बिजली के आदेश को वापस ले लिया गया जिसके कारण उन्हें महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है और पहले से ही संकट में चल रहे बुनकरी उद्योग की तबाही हो रही है। उन्होंने बताया कि रोजगार का संकट भी जबरदस्त है। भाजपा सरकार की तमाम घोषणाओं के बावजूद रोजगार सृजन की दिशा में कुछ भी नहीं किया जा रहा है। प्रदेश में लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और संवैधानिक मूल्यों पर लगातार हमले हो रहे हैं। समाज के मैत्री भाव को नष्ट किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा को चुनाव में हराना वक्त की जरूरत है। इसलिए आइपीएफ ने समाजवादी पार्टी के घोसी विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी का समर्थन करने का निर्णय लिया है।

### शिक्षा आयोग का गठन न होने से छात्रों में आक्रोश व्याप्त

#### धारा 21 शामिल कर तत्काल हो शिक्षा आयोग का गठन

लखनऊ (संवाददाता)। शिक्षा सेवा चयन आयोग गठन में हो रही देरी से छात्रों में नाराजगी व्याप्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट कर माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम की धारा 21 को शामिल कर तत्काल नये शिक्षा आयोग का गठन और सभी लंबित व प्रस्तावित भर्तियों को चुनाव के पहले पूरा करने की अपील संयुक्त युवा मोर्चा के केंद्रीय टीम सदस्य राजेश सचान, युवा मंच अध्यक्ष अनिल सिंह, ई. राम बहादुर पटेल,अनिल पाल, संगीता पाल, सुरेंद्र पांडेय, सुमित कुमार, चंचल चैहान, दिव्य प्रकाश आदि शिक्षकों व छात्रों ने की है। वहीं शिक्षक संघों से शिक्षक दिवस पर सेवा सुरक्षा संबंधी धारा 21 हटाने के विरोध में आंदोलन का ऐलान किया है। संयुक्त युवा मोर्चा के राजेश सचान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जानबूझकर कर शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए जरूरी माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 21 हटा दी गई। इससे न सिर्फ शिक्षकों का बेइंतहा शोषण बढ़ेगा बल्कि शिक्षा के निजीकरण का रास्ता भी प्रशस्त होगा। युवा मंच अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि रोजगार के मुद्दे पर 5 सितंबर से प्रदेशव्यापी संवाद और संपर्क अभियान में शिक्षा सेवा गठन के मुद्दे को उठाया जाएगा। अनिल पाल व ई. राम बहादुर पटेल ने आरोप लगाया कि सरकार प्रबंधतंत्र के हितों की रक्षा और रिक्त पदों को भरने के चुनावीं वायदा पूरा न करना पड़े इसी वजह से मौजूदा स्थिति पैदा की गई है।

### ट्यूशन टीचर से रेप की कोशिश, पुलिस ने 35 घंटे बाद आरोपी को पकड़ा

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में रक्षा बंधन पर ट्यूशन पढ़ाकर स्कूटी से लौट रही टीचर को रास्ते में 3 युवकों ने किडनैप कर लिया। स्कूटी से गिराकर घसीटते हुए सुनसान जगह ले गए। लड़की चिल्लाती रही, वह छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाती रही। लेकिन दरिंदों का दिल नहीं पसीजा। वह उसे घसीटते रहे। इसके बाद रेप करने की कोशिश की। विरोध करने पर दोनों हाथ, पीठ और सिर पर चाकू से वार किए। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल, युवती आईसीयू में भर्ती है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक ट्यूशन टीचर से एकतरफा प्यार करता था। कई दिनों से टीचर को परेशान कर रहा था। आरोपी घरों में पुताई का काम करता है। वह नशे का आदी है। टीचर ने भी डॉक्टर से बताया कि आरोपी उसे कई दिनों से परेशान कर रहे थे। वहीं, पुलिस ने 35 घंटे बाद एक आरोपी पंकज रावत को गिरफ्तार कर लिया है। निलमथा स्थित एक कालोनी में पूर्व सैन्यकर्मी की 20 साल की बेटी अपने परिवार संग रहती है। युवती बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। रोज की तरह बुधवार शाम करीब 7 बजे ट्यूशन पढ़ाने के बाद स्कूटी से वापस घर लौट रही थी। इस बीच कॉलोनी में रहने वाले पंकज रावत और उसके दो साथियों ने उसको रोक लिया। युवती के विरोध करने पर स्कूटी से गिरा दिया। आरोपियों ने युवती को स्कूटी से गिरा दिया और उसकी स्कूटी पंचर कर दी। इसके बाद युवती का दुपट्टा पकड़कर उसको घसीटते हुए सुनसान में ले गए। जहां युवती से रेप करने की कोशिश करने लगे। मगर, युवती चिल्लाने लगी। इसके बाद पंकज ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले में युवती के सिर, पीठ, हाथ पर घाव लगे। इसी बीच आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। भीड़ को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गए। युवती ने लोगों को अपने बारे में जानकारी दी। इसके बाद लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। फिर परिजनों ने युवती को इलाज के लिए कमांड अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका आईसीयू में इलाज चल रहा है। इधर, आरोपी पंकज ने वारदात को अंजाम देने के बाद मोबाइल बंद कर फरार हो गया। युवती के साथ हुई इस घटना से नाराज कॉलोनी के लोगों ने गुरुवार शाम पैदल मार्च निकाला। लोगों ने मांग है कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। जिससे दोबारा कोई ऐसी घटना को अंजाम देने की कोशिश न कर सके।

### कार ने तीन बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन घायल

#### भीड़ ने घेराबंदी कर कार सवारों को पीटा

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज में गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। भागने की फिराक में कार ने दो अन्य बाइक सवारों को टक्कर मारी। एक बाइक सवार उछल कर कार के बोनट पर आ गया। इसके बावजूद ड्राइवर ने कार नहीं रोकी। कार घंटा घर के पास पहुंची तो लोगों ने घेराबंदी करके रोक लिया। भीड़ ने कार में बैठे दोनों युवक को बाहर खींच लिया। उनकी जमकर पिटाई की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें छुड़ाने का प्रयास किया। इसी बीच एक आरोपी भाग निकला। पुलिस ने घायलों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लाजपत नगर के पास तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे बाइक सवार समेत तीन को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि फैजुल्लाहगंज के रहने वाले चेतन कार की बोनट पर आ गए। इस पर भी युवकों ने कार नहीं रोकी। करीब 150 मीटर तक उनकी बाइक कार में फंस कर घिसटती चली गई। चेतन भी कार में टंगे रहे। लोगों ने बताया कि पिटाई कर रही भीड़ से छुड़ाने में एक सिपाही चोटिल हो गया। कार सवार आरोपी नौबस्ता निवासी शुभम और मनोज हैं। शुभम भीड़ से बच कर भाग निकला, जबकि मनोज पुलिस की गिरफ्त में है। घायल चेतन, रिशु व एक अन्य को पुलिस ने उपचार के लिए असपताल भेजा है।

## सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करें प्रबुद्धजन: योगी



लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, उन्हें चिन्हांकित किया जाए। शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी डॉक्टर्स, प्रोफेसर एवं अन्य प्रबुद्धजन अपनी योग्यता का लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। मिली जानकारी के मुताबिक, दो दिन के दौरे पर बलरामपुर पहुंचे योगी सुबह देवीपाटन मंदिर पहुंचे। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उन्होंने देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना की। सीएम ने रूद्राभिषेक में भी भाग लिया। इसके बाद वो गौशाला पहुंचे और यहां गायों को दुलार किया और गुड़ व चारा खिलाया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गो के प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करते हुए सीएम योगी ने उनसे आग्रह किया कि वो जिस भी फील्ड के विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने डॉक्टरों से संवाद करते हुए कहा कि वो प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए भी जन कल्याण का कार्य करते रहें। जो लोग भी जरूरतमंद हैं, उनकी मदद करें। जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, उसके लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से जन आरोग्य, आयुष्मान समेत तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आप अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी मुख्यमंत्री ने अपील की कि वो न सिर्फ सरकार की योजनाओं का प्रचार करें, बल्कि अन्य लोगों को भी जोड़ें। स्थानीय प्रशासन ने सीएम के दौरे को देखते हुए मंदिर के रास्ते पर कड़ी सुरक्षा का बंदोबस्त किया। मंदिर के आसपास के हर रास्ते पर पुलिस का कड़ा पहरा था।

### इंडिया गठबंधन के दलों को संयुक्त युवा मोर्चा ने लिखा पत्र

लखनऊ (संवाददाता)। मुंबई में इंडिया गठबंधन दलों की जारी मीटिंग के बीच संयुक्त युवा मोर्चा केंद्रीय टीम सदस्य राजेश सचान ने इसमें शामिल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, सीपीएम, जद यू, राजद, रालोद, आम आदमी पार्टी, सीपीआई, डीएमके, टीएमसी आदि प्रमुख दलों को पत्र लिखकर अपने प्रोग्राम में युवाओं की प्रमुख मांगों को शामिल करने और संसद के विशेष सत्र में रोजगार संकट हल करने के लिए चर्चा करने की अपील की है। संयुक्त युवा मोर्चा का गठन 113 संगठनों ने मिलकर देशव्यापी रोजगार आंदोलन खड़ा करने के लिए किया है। 5 सितंबर से प्रयागराज से प्रदेशव्यापी संवाद और संपर्क अभियान का आगाज किया जा रहा है।

### आराधना मिश्रा से अधिवक्ताओं ने रक्षा सूत्र बंधवाया

लखनऊ (संवाददाता)। रक्षा बन्धन के पर्व पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के लखनऊ स्थित आवास पर गृह जनपद प्रतापगढ़ सहित स्थानीय कार्यकताओं व अधिवक्ताओं ने पहुँचकर रक्षा सूत्र बंधवाया। अधिवक्ताओं एवं कार्यकताओं ने विधायक आराधना मिश्रा मोना को रक्षा बन्धन पर विकास तथा अमन व शांति और जनहित में उनके संघर्षो के प्रति अनवरत सहयोग बनाये रखने का बचन दिया, वहं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने रक्षा बन्धन पर भाइयों से सद्भावना तथा विकास के सुदीर्घ उनके मिशन में सहयोग बनाये रखने का साथ मांगा।

## वन नेशन वन इलेक्शन के फैसले पर योगी ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद



लखनऊ (संवाददाता)। सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। इससे लोकसभा चुनाव का समय आगे बढ़ने की संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं ताकि इन्हें कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ ही संपन्न कराया जा सके। इसे लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि वननेशन वन इलेक्शन से विकास से तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से विकास में बांधा होती है। बता दें कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्र पति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कैसे कराये जा सकते हैं। देश में 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ हुए थे। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि कोविंद इस संबंध में विशेषज्ञों से बात करेंगे और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ विचार विमर्श करेंगे। सरकार द्वारा 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के एक दिन बाद यह कदम सामने आया है। सरकार ने हालांकि संसद के विशेष सत्र का एजेंडा घोषित नहीं किया है। वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग निरंतर चुनाव चक्र से वित्तीय बोझ पड़ने और चुनाव के दौरान विकास कार्य को नुकसान पहुंचने का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के विचार पर जोर देते रहे हैं, जिनमें स्थानीय निकायों के चुनाव भी शामिल हैं। कोविंद ने भी मोदी के विचारों को दोहराया और 2017 में राष्ट्रपति बनने के बाद इसका समर्थन किया था। वर्ष 2018 में संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था, लगातार चुनाव से न सिर्फ मानव संसाधन पर अत्यधिक बोझ पड़ता है बल्कि चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने से इन विकास कार्यों को पूरा करने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। मोदी की तरह ही उन्होंने इस विषय पर निरंतर चर्चा करने का आह्वान किया था और इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों के एक मत पर पहुंचने की उम्मीद जताई थी। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का दूसरा कार्यकाल खत्म होने वाला है और पार्टी के शीर्ष स्तर की राय है कि वह इस मुद्दे को अब और लंबा नहीं खिंचने दे सकती है और इस विषय पर वर्षों तक बहस करने के बाद इसकी उद्देश्यपूर्णता को रेखांकित करने के लिए निर्णायक रूप से आगे बढ़ने की जरूरत है। पार्टी के नेताओं का मानना है कि मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमेशा लोकप्रिय समर्थन जुटाने के लिए बड़े विषयों के विचारों से प्रेरित रहती है और यह मुद्दा राजनीतिक रूप से भी पार्टी के लिए अनुकूल होगा और विपक्ष को चैंकाने वाला होगा। नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों- मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव होने हैं।

### पैथोलोजी घोटाले की जाँच की मांग

लखनऊ (संवाददाता)। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे पैथालॉजी घोटालों के संबंध में मुख्यमंत्री यूपी योगी आदित्यनाथ को शिकायत भेज कर जाँच की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये घोटाले पोक्ट सर्विसेज कंपनी के सौरभ गर्ग और अभय अग्रवाल द्वारा उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ मिलकर किये जाने के आरोप हैं. जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश के कुछ अस्पतालों के लिए पैथालॉजी के मात्र तीन उपकरणों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निविदा की गयी थी, जिनकी आपूर्ति का क्रय आदेश पोक्ट सर्विसेज को मिला. यह उत्तर प्रदेश के कुछ ही अस्पतालों में आपूर्ति हेतु एक मात्रा अनुबंध था परन्तु 5 सितम्बर 2016 को फजीर्वाड़ा करके इस मात्रा अनुबंध को दर अनुबंध में बदल कर सौरभ गर्ग और अभय अग्रवाल की तीनो कंपनियों, पोक्ट सर्विसेज, हीडेलको मेडिकोर तथा अरोमा हेल्थकेयर को पूरे प्रदेश में समस्त अस्पतालों के लिए पैथालॉजी में इस्तेमाल होने वाले रीजेन्ट्स, जांच कीटों, पैथालॉजी केमिकल के सप्लाई के लिए वर्ष 2016 से 2024 तक के लिए दर अनुबंध कर दिया गया। इतना ही नहीं, पूर्व अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन की पूर्व प्रबंध निदेशिका कंचन वर्मा द्वारा इस दर अनुबंध को वर्ष 2020 में ही वर्ष 2024 से बढाकर वर्ष 2027 तक के लिए कर दिया गया है, जबकि उक्त अनुबंध को खत्म होने में चार वर्ष बाकी थे।

### रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि एक संस्कार है: राज्यपाल

लखनऊ (संवाददाता)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से परम शक्ति पीठ वात्सल्य ग्राम वृंदावन, मथुरा की 35 बेटियों व 6 स्वयं सेवकों, प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लखनऊ की ब्रह्म कुमारी राधा बहन, साक्षी फाउण्डेशन कानपुर की साक्षी विद्यार्थी, गीता सर्वोदय आश्रम हरदोई की अध्यक्ष उर्मिला बहन, विनोबा सेवा आश्रम वरतारा, शाहजहांपुर की विमला बहन व संस्थापक रमेश भईया व अन्य से सौहार्दपूर्वक भेंट की। इस अवसर पर गांधी आश्रम साबरमती अहमदाबाद के मैनेजिंग ट्रस्टी जयेश भाई और ग्रामश्री संस्था की अध्यक्ष अनार बेन पटेल भी मौजूद रहे। रक्षाबंधन अवसर पर उत्तरप्रदेश की राज्यपाल स्नेहमयी आनंदी बेन पटेल ने राष्ट्रीय मानवता पुरुस्कार और रचनात्मक क्षेत्र में जमना लाल बजाज पुरुस्कार से सम्मानित विनोबा विचार प्रवाह के राष्ट्रीय सूत्रधार रमेश भइया को गोबर निर्मित राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे सहित राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उनके 32 बच्चों, उम्मीद संस्था के 15 बच्चों व 7 पदाधिकारियों को राखी बांधी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि एक संस्कार है जो जीवन में रिश्तों के महत्व को समझाता है।

## केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के घर में युवक की हत्या पर सपा नेता ने उठाए सवाल

### कहा, अपराधियों को लाइसेंस दे रखी है योगी सरकार

लखनऊ (संवाददाता)। सपा प्रवक्ता व पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंत्री के घर में हुई हत्या पर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। भाजपा में शामिल मंत्रियों और नेताओं का घर अपराधियों का अड्डा बन चुका है। सुनील सिंह साजन ने कहा कि जब मंत्री के घर में हत्या हो रही है। तो फिर आम जनता कैसे सुरक्षित होगी। उन्होंने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी लखीमपुर में केन्द्रीय मंत्री के बेटे ने किसानों पर कार चढ़ा कर हत्या की है। साजन ने कहा कि यह कहीं न कहीं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को लाइसेंस दे रखा है। उन्होंने कहा कि जब लखनऊ पुलिस कह रही है कि मंत्री के बेटे की रिवाल्वर से गोली चली है तो फिर प्रदेश की जनता कैसे सुरक्षित महसूस करेगी। बता दें कि केंद्रीय राज्य मंत्री और उत्तर प्रदेश की मोहनलाल गंज सीट से सांसद कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर पर युवक की हत्या कर दी गई। मृतक युवक की पहचान विनय श्रीवास्तव के रूप में हुई है। मृतक युवक कौशल किशोर के बेटे का दोस्त था और उन्हीं के साथ रहता था। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से सरकारी लाइसेंसी पिस्टल बरामद की है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल दहला देने वाली यह वारदात केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के बेगरिया गांव में स्थित आवास पर हुई। जहां विनय श्रीवास्तव की पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं घटना के बाद मौके पर पश्चिमी डीसीपी राहुल राज, एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए 3 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आपको बता दें कि इस मामले की जांच कर रहे डीसीपी पश्चिमी लखनऊ राहुल राज का कहना है कि विनय श्रीवास्तव की मौत गोली लगने से हुई है।

### शिक्षा से ही कामयाबी प्राप्त की जा सकती है: खालिद रशीद

#### शाहमीना प्राइमरी मैमोरियल स्कूल में बच्चों को पुस्तकें और बस्ते दिये गए

लखनऊ (संवाददाता)। इल्म जिन्दगी है, रौशनी है, तामीर व तरक्की का जीना है, खुदा पाक को पहचानने का जरिया है। उसके विरूद्ध जिहालत मौत है, अंधेरा है, जवाल और पस्ती का कारण है, खुदा पाक से दूरी और उसके आदेशों को ना जानने के कारण है। शिक्षा से ही कामयाबी प्राप्त की जा सकती है। इन ख्यालात का इज्हार कायद मिल्लत मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने किया। वह आज शाह मीना मैमोरियल प्राइमरी स्कूल में गरीब व निर्धन बच्चों को निःशुल्क किताबें और स्कूल बैग बॉट रहे थे। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि इस्लाम धर्म ने तालीम के हासिल करने पर बहुत जोर दिया है। उन्होने कहा कि यह दौर इल्म साइंस और टेक्नोलॉजी का दौर है। इस लिए हम उम्मत मुस्लिमा के हर व्यक्ति से अपील करते हैं वह तालीम हासिल करने पर भरपूर ध्यान दें। मौलाना फंरगी महली ने स्कूल के संस्थापक पीर जादा शेख राशिद अली मीनाई सज्जादा नशीन व मुतवल्ली दरगाह हजरत मखदूम शाह मीना शाह चैक लखनऊ की तरीफ करते हुए कहा कि उन्होने मुसलमानों में तालीम को बढ़ावा देने के लिए मीनाई एजुकेशननल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी कायम की। उसके तहत यह स्कूल 2006



से तालीमी खिदमात अंजाम दे रहा है। यहॉ बच्चों से किसी भी किस्म की कोई फीस नही ली जाती है और न ही कोई सरकारी सहायता प्राप्त है। उन को यूनीफार्म ड्रेस, किताबें और बस्ते निःशुल्क दिये जाते हैं।

### वन नेशन-वन इलेक्शन का फैसला संविधान विरोधी: स्वामी प्रसाद मौर्य

लखनऊ (संवाददाता)। अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने वन नेशन-वन इलेक्शन के फैसले को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वटी कर कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन का निर्णय संविधान विरोधी है, लोकतंत्र की हत्या कर राजतन्त्र की स्थापना का सरकार का कुत्सित प्रयास है। सरकार के इस निर्णय की घोर भर्त्सना करता हूँ। लोकतंत्र को बचाने के लिये सभी को एकजुट हो जाना चाहिए। गफलत में रहोगे तो संविधान बदल देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन नेशन वन इलेक्शन मामले में पूर्व राष्ट्रपति मा.रामनाथ कोविंद को कमेटी का अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रधानमंत्री हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन यह आज की आवश्यकता है, क्योंकि उत्तरप्रदेश जैसे बड़ी आबादी वाले राज्य की दृष्टि से देखते हुए मुझे लगता है बार बार इलेक्शन विकास कार्यो मे बाधा उत्पन्न करती है, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया मे कम से कम डेढ़ महीने का समय लगता है। इन डेढ़ महीने के कार्यकाल मे विकास की सभी प्रक्रिया व नीतिगत निर्णय लेने मे बाधक उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि लोकसभा,विधानसभा,व अन्य सभी चुनाव एकसाथ आयोजित हो। यह एक बेहतरीन पहल है,इससे ब सिर्फ विकास बल्कि लोकतंत्र



की समृद्धि और लोकतंत्र की स्थिरता के लिए आवश्यक व अभिनंदनीय पहल है,मै इसका स्वागत करता हूँ। बता दें कि एक राष्ट्र, एक चुनावश की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्र पति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कैसे कराये जा सकते हैं।

## मंत्री के बेटे की पिस्टल से हत्या

- घटना स्थल का सीसीटीवी बंद
- सिर में सटाकर मारी गोली

लखनऊ (संवाददाता)। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर के ठाकुरगंज के बेगरिया स्थित आवास पर शुक्रवार तड़के चार बजे गोलीबारी की घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्तौल केंद्रीय मंत्री के बेटे का बताया जा रहा है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) आकाश कुल्हरी ने बताया कि मरने वाले की पहचान विनय श्रीवास्तव (30) के तौर पर की गयी है। उन्होंने बताया कि विनय के भाई विकास की तहरीर प्राप्त हुई है जिसमें हत्या की आशंका व्यक्त की गयी है। अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अजय रावत, अंकित वर्मा और शमीम वर्मा (तहरीर में शमीम बाबा) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत थाना ठाकुरगंज में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिन तीन लोगों का नाम प्राथमिकी में दर्ज है, उनको हिरासत में ले लिया गया है और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राहुल राज ने बताया कि विनय के सिर पर एक गोली लगी है। उन्होंने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि इस हत्याकांड में इस्तेमाल पिस्तौल (केंद्रीय मंत्री के पुत्र) विकास किशोर का है। विकास का लाइसेंस मंगवाकर इसकी पुष्टि की जा रही है। पुलिस ने पिस्टल जब्त कर लिया है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी तरफ मृतक की मां ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक विनय की मां ने कहा है कि बेटे की हत्या में कई लोग शामिल हैं और उन्हें न्याय मिलना चाहिए। महिला ने पूछा कि आखिर मंत्री का बेटा पिस्टल घर पर क्यों रखकर गया था। हालांकि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने इसका जवाब देते हुए बताया कि वो उनके बेटे का लाइसेंसी पिस्टल है जिसकी मान्यता यूपी में ही है।

### अदानी शेयर घोटाले की जेपीसी करे जांच: आईपीएफ

- गौतम अदानी की कंपनियों के शेयरों में घोटाले की पुनः पुष्टि

लखनऊ (संवाददाता)। हाल ही में गार्डियन एवं फाइनेंशियल टाइम्स ने जो खुलासा किया है उससे इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि गौतम अदानी की कंपनियों में काला धन लगा कर शेयरों की कीमत में भारी घोटाला किया गया है। इन समाचार पत्रों ने गौतम अदानी के भाई विनोद अडानी की विदेशी कंपनियों से जुड़े दो व्यक्तियों के नाम भी बताए है जिन्होंने विदेश से अदानी की कंपनियों के शेयरों में पैसा लगाया है। अब इसमें कोई संदेह नहीं कि सर्वोच्च पद पर बैठे लोगों ने अदानी की मदद की है। डीआरआई से सितंबर 2014 में ही अदानी कंपनियों के शेयरों में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर भी सेबी ने कोई जांच नहीं की और सुप्रीम कोर्ट में भी गलतबयानी की जिससे यह घोटाला निरंतर चलता रहा। दरअसल मोदी सरकार अदानी को मुनाफा देने के लिए लगातार इस तरह की लूट पर पर्दा डालने का काम करती रही है।

# हत्यारोपी ग्राम प्रधान पर लगेगा गैंगस्टर

**प्रयागराज के खीरी में चचेरी बहन से छेड़खानी के विरोध पर 10वीं के छात्र सत्यम शर्मा (16) की सोमवार को हत्या कर दी गई थी।**



प्रयागराज (संवाददाता)। खीरी थाना क्षेत्र के पूरेदत्तू गांव निवासी हाईस्कूल के छात्र सत्यम शर्मा की हत्या के आरोपी ग्राम प्रधान मो. युनुस पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी चल रही है। साथ ही उसकी अवैध संपत्तियों को भी कुर्क किया जाएगा। पुलिस उसकी आपराधिक कुंडली खंगाल रही है। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि मो. युनुस पर पहले से ही पांच मुकदमे दर्ज हैं। प्रयागराज के खीरी में चचेरी बहन से छेड़खानी के विरोध पर 10वीं के छात्र सत्यम शर्मा (16) की सोमवार को हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप तुर्कपुरवा के ग्राम प्रधान मो. युनुस समेत गैर समुदाय के पांच लोगों पर लगा है। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रधान के घर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जमकर बवाल किया था। इसको लेकर पुलिस से नोकझोंक भी हो गई थी।खीरी बाजार में शव सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने 28 घंटे तक जाम किया था। इसके साथ ही थाने पर पथराव और सरकारी एंबुलेंस में तोड़फोड़ भी की गई थी। रात साढ़े नौ बजे के बाद जाम खत्म कराया जा सका था। इस मामले में प्रथमदृष्टया लापरवाही की बात सामने आने के बाद पुलिस आयुक्त ने खीरी थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह व हल्का प्रभारी बप्पी सोनी को निलंबित कर दिया था। अफसरों का कहना है कि मामले में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूरेदत्तू गांव निवासी छात्र की सोमवार शाम चार बजे के करीब स्कूल से लौटते वक्त हत्या कर दी गई थी।

# खराब दिनचर्या के कारण युवा हो रहे गर्दन व पीठ दर्द के शिकार

**एसआरएन में रोज आ रहे 70 फीसदी मामले**

प्रयागराज (संवाददाता)। बढ़ती उम्र के साथ हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इससे आए दिन कमर, पीठ व गर्दन दर्द की शिकायत बनी रहती है, लेकिन कम उम्र में यह समस्या आपको परेशानी में डाल सकती है। पिछले दो-तीन वर्षों से युवाओं में पीठ दर्द के मामले तेजी से बढ़े हैं। इसका बड़ा कारण युवाओं की खराब दिनचर्या है।स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) में प्रतिदिन 70 फीसदी मामले कमर व पीठ दर्द के आते हैं। इनमें 80 फीसदी मामले 18 से 25 वर्ष के बीच के युवाओं के होते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि कई बार लोग पेनकिलर (दर्द निवारक) दवाओं से काम चलाते हैं। लेकिन ज्यादा दर्द निवारक लेने से किडनी



को नुकसान पहुंच सकता है।प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों की संख्या अधिक है। अभ्यर्थी प्रतिदिन आठ से 10 घंटे पढ़ाई करते हैं। लगातार कई-कई घंटों तक बैठे रहने से उनकी मसल्स (मांसपेशियों) में खिंचाव की समस्या आ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह का व्यायाम और दूध का सेवन करना बहुत जरूरी है। साथ ही पढ़ाई व अन्य कार्य करते वक्त थोड़े-थोड़े अंतराल में आराम जरूर करें।चिकित्सकों की मानें तो व्यायाम न करना और पौष्टिक आहार न लेने से युवाओं की हड्डियां कमजोर हो रही हैं।

# एटा सीएमओ और महिला कर्मचारी का कनेक्शन सच या झूठ

एटा (संवाददाता)।एटा के मुख्य चिकित्साधिकारी को लेकर एक कॉल रिकॉर्डिंग के दो ऑडियो वायरल हुए। इसमें सीएमओ व



महिला कर्मचारी के बीच संबंध बताए गए थे। ये ऑडियो स्वास्थ्य विभाग के ही एक बाबू के थे। सोशल मीडिया पर ये ऑडियो वायरल होने के बाद जमकर फजीहत हुई, लेकिन अब अंदरूनी तौर पर समझौते के प्रयास चल रहे हैं। एटा में पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक ऑडियो से विभाग की जमकर फजीहत हुई। अब इस मामले में अंदरूनी तौर पर समझौते के प्रयास चल रहे हैं। हालांकि पुलिस नियमानुसार विवेचना की बात कह रही है।नौ अगस्त को स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हुई थी। इसमें दूसरे जनपद से आई महिला कर्मचारी को लेकर सीएमओ पर आरोप लगाए गए। कहा गया कि महिला चपरासी पद से प्रमोशन होकर आई है। सीएमओ ने जुगाड़ कर उसका यहां तबादला करा लिया। उसको सभी बड़े पटल दे दिए गए। यही नहीं, इस महिला कर्मचारी के अलावा एक चिकित्सक व एक अन्य कर्मचारी को लेकर भी सीएमओ से जोड़ते हुए आपत्तिजनक बातें कही गईं। यह ऑडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई थी।

# प्रयाग संगीत समिति से 1.50 लाख कलाकार गायन

**➩ प्रयाग संगीत समिति के मौजूदा समय में देश के सभी राज्यों में तो केंद्र हैं ही, दुनिया के नौ देशों में भी संगीत की शिक्षा के केंद्र गुलजार हैं। इनमें से लंदन और कनाडा के केंद्र अब बंद हो चुके हैं। बावजूद इसके संगीत समिति का डंका विश्व पटल पर बज रहा है।**

प्रयागराज (संवाददाता)। दुनिया भर में संगीत की नई पौध तैयार करने वाली प्रयाग संगीत समिति से इस बार 1.50 लाख कलाकार गायन, वादन और नृत्य की तालीम हासिल करेंगे। इसमें सबसे अधिक गायन के विद्यार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाएं आगामी मई में होंगी। देश के इस सबसे बड़े संगीत संस्थान की स्थापना 1928 में साउथ मलाका परिसर में पं. विष्णु दिगंबर एकेडमी ऑफ म्यूजिक के रूप में हुई थी।प्रयाग संगीत समिति के मौजूदा समय में देश के सभी राज्यों में तो केंद्र हैं ही, दुनिया के नौ देशों में भी संगीत की शिक्षा के केंद्र गुलजार हैं। इनमें से लंदन और कनाडा के केंद्र अब बंद हो चुके हैं। बावजूद इसके संगीत समिति का डंका विश्व पटल पर बज रहा है।देश-दुनिया भर में संचालित केंद्रों में चालू शैक्षणिक सत्र में 1.50 लाख कलाकार पंजीकृत हैं। समिति के विदेशी केंद्रों में परीक्षाएं आगामी दिसंबर महीने में होंगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। जबकि, देश के केंद्रों में अध्ययनरत छात्रों की परीक्षा प्रयागराज में आगामी मई में होगी। फिलहाल इन केंद्रों से गायन, वादन और नृत्य में जूनियर डिप्लोमा, सीनियर डिप्लोमा के अलावा प्रभाकर और प्रवीण की डिग्रियां दी जा रही हैं।इस संगीत केंद्र का पहली बार विस्तार बाबू बैजनाथ सहाय ने 1984 में किया। तब अल्फ्रेड पार्क में करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में प्रयाग संगीत समिति के नए भवन का निर्माण कराया गया। संगीत समिति की इस दूसरी शाखा के निर्माण को पूरा कराने का श्रेय रामेश्वर सहाय को जाता है। संगीत समिति के सचिव अरुण कुमार बताते हैं कि मौजूदा समय लंदन और कनाडा की शाखाएं बंद चल रही हैं।लंदन में बनारस घराने के तबला वादक राम सहाय के परिजन इसे चलाते थे। फिलहाल इन दोनों जगहों पर नए सिरे से केंद्र का संचालन कराने की दिशा में विचार किया जा रहा है। नेपाल, अमेरिका, सिंगापुर, मॉरीशस, स्पेन, मॉस्को और इंडोनेशिया में केंद्र संचालित हो रहे हैं। परीक्षा विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय 1850 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां निर्धारित समय पर परीक्षाएं कराई जाएंगी।प्रयाग संगीत समिति का पाठ्यक्रम आठ वर्षों का निर्धारित किया गया है। इस समिति की मानद निदेशक उमा दीक्षित बताती हैं कि जूनियर डिप्लोमा, सीनियर डिप्लोमा, संगीत प्रभाकर और संगीत प्रवीण में दाखिले लिए जाते हैं। यहां शोध कार्य करने की भी व्यवस्था है। शोध करने वाले छात्र-छात्राओं को संगीताचार्य की उपाधि दी जाती है।




## काम कराकर नहीं किया भुगतान, 11 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

एटा (संवाददाता)।सकीट थाना क्षेत्र में एक फर्म के स्वामी ने बिजली खंभा लगवाने के बाद भुगतान न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नामजद किए गए व्यक्ति हापुड़ की एक कंपनी में कार्यरत हैं, पीड़ित ने नामजद पर 11 लाख से अधिक रुपये हड़पने का आरोप लगाया।रिजोर थाना क्षेत्र के घुमरिया गांव निवासी योगेंद्र सिंह ने मै. लार्सेन एंड टर्बो कंपनी के प्रबंधक दुष्यंत कश्यप, अकाउंटेंट अभिषेक और साइट एचआर विजय पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज**

**विज्ञापन सूचना संख्या :- एनसीआर/मुख्यालय/निर्माण/02/2023**

**निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र में परियोजनाओं के लिए संविदा के आधार पर तकनीकी जनशक्ति की नियुक्ति के लिए विज्ञापन (विशुद्ध रूप से अस्थायी)- 21 (जेटीए) कनिष्ठ तकनीकी सहयोगी (कार्य)**

केंद्रीकृत अधिसूचना संख्या एनसीआर/मुख्यालय/निर्माण/02/2023 के अन्तर्गत जूनियर तकनीकी एसोसिएट्स (सिविल वर्क्स) की संविदात्मक कार्य के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से "ऑनलाइन" आवेदन आमंत्रित करने के लिए **31.08.2023 (00:00)** से खुला हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि **20.09.2023 (23:59)** है।

उम्मीदवार आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करें जेटीए के पद के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास डिप्लोमा या स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, विस्तृत अधिसूचना **www.rrcpryj.org** पर "ऑनलाइन" आवेदन करने के लिए लिंक के साथ उपलब्ध है। गेट स्कोर (यानी वर्ष 2017 और 2022 के बीच) के साथ गेट योग्य उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी, फिर बिना गेट स्कोर वाले बी.टेक उम्मीदवारों और फिर डिप्लोमा उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

उम्मीदवार को 18 वर्ष की आयु पूरी करनी चाहिए थी और आवेदन प्राप्त करने की कट-ऑफ तिथि के अनुसार 33 वर्ष पूरे नहीं होने चाहिए, समुदाय के अनुसार आयु में छूट विस्तृत अधिसूचना में उपलब्ध है।

आवेदन शुल्कः उम्मीदवारों को डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग या किसी अन्य विकल्प का उपयोग करके **ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के दौरान ऑनलाइन मोड के माध्यम से भुगतान किए गए आवेदन शुल्क के रूप में 100/- का भुगतान करना होगा।**

ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/महिला उम्मीदवारों के मामले में कोई आवेदन शुल्क आवश्यक नहीं है।

**निश्चित पारिश्रमिक (रूपयों में): पारिश्रमिक का भुगतान पोस्टिंग के स्थान के अनुसार किया जाएगा**

| शहर का वर्ग जिसमें तैनात है | 'Z' Class | 'Y' Class | 'X' Class |
|---|---|---|---|
| जूनियर तकनीकी सहायक (सिविल) | 25000 | 27000 | 30000 |

उम्मीदवार कृपया अधिसूचना और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए **www.rrcpryj.org** पर जा सकते है।

सभी सत्यापन नियत समय में किए जाएंगे। ऊपर दी गई जानकारी संक्षेप में है। ऑनलाइन आवेदन करने से पहले कृपया रेलवे भर्ती सेल, उत्तर मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट - **www.rrcpryj.org** पर जारी विज्ञापन देखें।

**दिनांक : 30.08.2023** — **अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, प्रयागराज**

1409/23(AN)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# जमीन के नाम पर 19 लाख रुपये का लगाया चूना

**➩ दरोगा से एटा में जमीन के नाम पर ठगी की गई। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर किस्तों में 19 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद जब ठगी के बारे में जानकारी हुई तो दरोगा ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया।**




एटा (संवाददाता)।एटा कोतवाली नगर में फर्जी दस्तावेज तैयार कर 19 लाख की ठगी करने की रिपोर्ट दरोगा ने दर्ज कराई गई है। आरोप है कि दूसरे व्यक्ति के नाम का फर्जी आधार कार्ड आदि दस्तावेज तैयार कराकर जमीन का बैनामा कर दिया गया, जब षड़यंत्र पकड़ में आया तो फिर एक मकान का बैनामा कर दिया। लेकिन उस पर भी कब्जा नहीं दिया गया। बाद में धमकियां दी गई।शहर के मोहल्ला संजय नगर निवासी उप निरीक्षक कुंवरपाल सिंह की हाल तैनाती बदायूं में है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जयपाल व पवन कुमार निवासी उमरायपुर थाना पिलुआ से मुलाकात हुई थी। इनसे एक बीघा जमीन दिलाने के लिए कहा गया था। इसके बाद वह लोग गिर्राज निवासी विजयपुर थाना मिरहची को लाए। इसके फर्जी दस्तावेज नेकसे लाल निवासी अथईया जिला कासगंज के बनाए और कसैटी पर 3.5 बीघा जमीन बेचने की बात कही। जमीन की कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई। इतनी जमीन खरीदने में असमर्थता जताने पर एग्रीमेंट कराकर किस्तों में रुपये देने की बात कही।आरोप है कि 27 फरवरी को पत्नी राजकुमारी उर्फ रिचा यादव के नाम बैनामा कराने गए। तहसील में स्टांप खरीदकर पूरी प्रक्रिया कर ली। लेकिन तीनों नहीं आए। इससे पहले 19 लाख रुपये कई बार में आरोपी ले चुके थे। तब ठगी का एहसास हुआ और तलाश की गई तो तीनों नगला केवल पर षड़यंत्र रचते मिले। रकम वापस करने के लिए कहा तो करीब 5 लाख की जमीन व एक इतनी कीमत के मकान का बैनामा कर दिया।

## पेट्रोल पंप खोलने के लिए जमीन खरीदना चाहते हैं आरोपी, नहीं बेची तो कर लिया बेटे का अपहरण

एटा (संवाददाता)।एटा के थाना मलावन में अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें आरोप है कि पेट्रोल पंप लगवाने के लिए जमीन बिक्री करने का दबाव बनाया। जब ऐसा नहीं किया तो बेटे का अपहरण कर लिया। बाद में धमकी दी कि कार्रवाई की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।गांव लालडुंडवारा निवासी नीरज कुमार ने गांव के ही नंदकिशोर, इसके पुत्र निशांत कुमार, राजू कुमार निवासी नारई थाना सिकंदराराऊ जिला हाथरस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि उसको गांव लालडुंडवारा में ससुर रामौतार की करीब 13 बीघा जमीन मिली है।

# कलक्ट्रेट पहुंचे सपाइयों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

प्रयागराज (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यहां सपाइयों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान समाजवादी पार्टी जिंदाबाद एवं मुलायम सिंह यादव अमर रहे के नारे भी लगाए। यहां तमाम समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम सिटी को सौंपा गया।सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में पहुंचे सपाइयों ने शहर की पुरानी बस्तियों में टूटी सड़कों, शुद्ध पेयजल की किल्लत, लो वोल्टेज, स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली, नगरीय सीमा में शामिल नये इलाकों में अभी तक शहरी सुविधाओं की उपलब्धता न होने जैसी समस्याएं सपाइयों ने उठाई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष



ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछले माह नौ अगस्त से लगातार शहर की तीनों विधानसभाओं में जन पंचायतें आयोजित की गईं।इन पंचायतों में लोगों द्वारा तमाम समस्याएं उठाई। इन समस्याओं को ही ज्ञापन में शामिल किया गया। इस अवसर पर महानगर महासचिव रविंद्र यादव ने वहां ज्ञापन पढ़कर सुनाया। ज्ञापन के माध्यम से बेगम बाजार की रेल ओवर ब्रिज जल्द शुरू करने, शहर पश्चिम विधानसभा में जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई दुरुस्त करने, शहर दक्षिणी क्षेत्र के नैनी में वर्षों से बंद कई कारखानों को चालू कराने एवं उत्तरी विधानसभा के कई मोहल्लों में होने वाले जलभराव की समस्याओं को भी उठाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## एक महीने में तीन घरों के चोरों द्वारा चटकाएं गए ताले, लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

उरई (जालौन)। सदर कोतवाली जेल चौकी क्षेत्रान्तर्गत मुहल्ला सुशील नगर हाईवे रोड के निकट 80 फूटा रोड पर रात्रि के अंधेरे में एक रात्रि में दो घर और एक रात्रि में घर को चोरों ने निशाना बनाया और कामयाब हुए। पीड़ित रविन्द्र कुशवाहा पुत्र लाल सिंह ने बताया रामरूप कुशवाहा पुत्र हरिनारायण निवासी एको, मुहल्ला सुशील नगर के मकान में किराए से रह रहा है। पति पत्नी दोनों रक्षाबंधन को गाँव विजदुवा गये थे। मकान का ताला लगा था उक्त मकान को उसी रात्रि में चोरों ने मैंनगेट का सेण्टर लॉक तोड़कर चोर भीतर घुस गये ।और अंदर कमरों के ताले तोड़ 29000 हजार नगदी दो जोड़ी बिछिया वेंदी आदि समान चोर चुरा ले गए इसी तरह पड़ोस के दो घरों में चोरों ने तालातोड़ समान चुरा ले गए तीनो पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी ।पुलिस ने मौका मुहाना किया लेकिन गौर करने वाली बात यह है चोर कितने शातिर है जो लगातार अगस्त महीने के अंदर तीन घरों में चोरी कर चुके है।और पुलिस चोरों का अभी तक कोई सुराग नही लगा पाई उक्त घरों में लगातार चोरी होने से लोगो के अंदर डर व्याप्त है।

## जालौन पुलिस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर आमजन को किया गया प्रेरित

उरई(जालौन)। जालौन पुलिस द्वारा जिला चिकित्सालय के रक्त कोष में स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।साथ ही आमजन को रक्तदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

## टाउनहाल पर पांडेय परिवार के योगदान के शिलापट्ट का जिलाधिकारी द्वारा किया गया अनावरण

उरई(जालौन)। जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के रूप में मान्य और टाउन हाल के संस्थापक में से एक रहे पांडेय बंधुओं में झन्नी लाल पांडेय और मन्नी लाल पांडेय और बाद में उनके सुपुत्र विजय पांडेय के योगदान के प्रति कृतज्ञता स्वरूप स्थापित कराए गए शिलापट्ट का आज जिलाधिकारी चांदनी सिंह के कर कमलों से अनावरण हुआ । इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी और सहायक सूचना अधिकारी पंकज तिवारी सहित कई जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे । ध्यान रहे कि पांडेय बंधुओं को आजादी की अलख जगाने पर ब्रिटिश सरकार की जेलों में कारा वासित रहना पड़ा था ।उनकी गणना संयुक्त प्रांत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में रही है। देश भक्ति का गौरव शाली इतिहास के प्रणेता दोनो बंधु आजादी के पूर्व की विधान परिषद के सदस्य रहे थे । उनके वंशज विजय पांडेय अपने जीवन काल तक टाउन हाल के सदस्य रहे थे ।पांडेय परिवार का योगदान संक्षेप में शिलापट्ट पर वर्णित किया गया है । उक्त कार्यक्रम को सहेजने एवं संवारने का कार्य रोहित विनायक ने किया । जिलाधिकारी ने इस अवसर पर टाउन हाल को नगर की महान विरासत बताते हुए इसे पूरी भव्यता के साथ संवारने के जिला प्रशासन के प्रयास की चर्चा की और लोगो से अपील की वे नगर की अन्य ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत को सहेजने के अभियान के सहभागिता बने अंत में जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर पांडेय परिवार ने सम्मानित किया । इस अवसर पर विधायक गौरी शंकर वर्मा पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी राजाराम व्यास युद्धवीर कंथरिया रमाकांत द्विवेदी अरविंद गौतम शरद शर्मा अवध बब्बा मिर्जा सविर बेग राजीव नारायण मिश्रा उदयन पालीवाल आदि लोग उपस्थित थे। वहीं प्रशासन से एक बढ़ी चूक भी होती दिखी जिन महान हस्तियों ने टाउन हाल के निर्माण में दान किया था उनके बारे में एक शब्द भी नहीं लिखा गया कई दान दाताओं के सहयोग से टाउन हाल का निर्माण हो सका था कुछ लोग जब शामिल होने आए तो उनको बहुत बुरा लगा कि उनके पूर्वज के द्वारा जो भवन निर्माण में सहयोग किया उनके बारे में एक शब्द भी नहीं लिखा गया।

## नदी में भुजरिया विसर्जन करने गए युवक की डूबकर मौत

एटा (संवाददाता)। नदी में भुजरिया विसर्जन करने गया फिरोजाबाद का युवक पैर फिसलने से डूब गया। करीब एक घंटे में उसको नदी से निकाला जा सका। परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रक्षाबंधन त्योहार पर युवक की मौत होने से परिवार ही नहीं, पूरे गांव में चीख-पुकार मची रही और त्योहार फीका हो गयजिला फिरोजाबाद थाना एका क्षेत्र के गांव दलेलपुर निवासी राजपाल सिंह के पुत्र बुद्धरतन (20) की नदी में डूबने से मौत हुई है। भाई सुनील कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम गांव के पास से ही गुजर रही ईशन नदी पर भुजरिया विसर्जन करने के लिए ग्रामीणों के साथ गया था। यहां पर शाम करीब 6:30 बजे अचानक पैर फिसलकर नदी में गिरने से वह डूब गया। काफी समय तक तलाश की जाती रही। निकालने में करीब एक घंटे का समय लगा। इसके बाद मेडिकल कॉलेज लेकर आए और चिकित्सकों को दिखाया तो उसे मृत घोषित कर दिया।

## जिला जज ने की अपील खारिज, बरकरार रहेगी सजा

एटा (संवाददाता)। चेक बाउंस मामले में दी गई सजा के विरोध में अपील की गई। जिससे जिला जज ने खारिज कर दिया। ऐसे में दोषी की सजा बरकरार रहेगी। उसे तीन दिन के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने 22 मई 2023 को आदेश पारित कर नीरज मिश्रा निवासी अवागढ़ हाउस थाना कोतवाली नगर को दो वर्ष के साधारण कारावास और 30 लाख रुपये अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया था। अरुणा नगर निवासी प्रदीप कुमार ने नीरज मिश्रा के विरुद्ध वाद दायर किया था। जिसमें आरोप था कि नीरज से एक मकान का सौदा 20 लाख रुपये में तय हुआ था। टुकड़ों में 15 लाख रुपये दे दिए थे। लेकिन इसके बाद नीरज ने मकान का बैनामा करने से मना कर दिया। रुपये वापस मांगे तो दो चेक दिए जो बैंक में बाउंस हो गए।सीजेएम अदालत के इस आदेश पर असहमति जताते हुए नीरज ने जिला जज न्यायालय में अपील दायर की। प्रदीप पक्ष की ओर से पैरवी अमित जौहरी एडवोकेट ने की। बताया कि नीरज पक्ष की ओर से बचाव में जो तर्क दिए गए, उन्हें साक्ष्यों के आधार पर गलत ठहराया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक दीपक राजावत द्वारा अनामिका प्रिंटर्स नियर शक्कर मील रामपुरा रोड माधौंगढ़ जालौन उ.प्र. से मुद्रित एवं नियर शक्कर मील रामपुरा रोड माधौंगढ़ जालौन उ.प्र. से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**दीपक राजावत**

**Mo- 07752808283**

**Email:** saptahkasafar02@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जालौन मान्य होगा।